




# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिमेदारी, दलीप ट्रॉफी में इस टीम की करेंगे कप्तानी -पेज: 7

मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि मैं आउट साइडर हू : श्वेता त्रिपाठी -पेज: 8



वर्ष: 01 | अंक: 114 | शनिवार 02 अगस्त 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


# पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए मांगे सुझाव

**प्रधानमंत्री इनमें से कुछ को अपने भाषण में शामिल करें। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाले अपने भाषण के लिए नागरिकों को अपने मत, विचार और सुझाव शेयर करने के लिए**




**नई दिल्ली (एजेंसी):** देश भर में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस ) की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशवासियों से संवाद साधा है। देश की जनता से पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए सुझाव मांगे हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया साझा प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस भाषण के लिए अपने सुझाव और विचार साझा करें। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने विचार माय जीओवी और नमो ऐप के ओपन फोरम के जरिए साझा करें। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, जैसे-जैसे हम इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की ओर बढ़ रहे हैं, मैं अपने साथी भारतीयों से सुनने के लिए उत्सुक हूं! आप इस साल के स्वतंत्रता दिवस भाषण में किन विषयों या विचारों को प्रतिबिंबित होते देखना चाहेंगे? माय जीओवी और नमो ऐप ओपन फोरम पर अपने विचार साझा करें। पीएम मोदी की वेबसाइट पर भी मांगे गए सुझाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वेबसाइट पर भी सुझाव मांगे गए हैं। नरेंद्र मोदी डॉट इन वेबसाइट पर लिखा गया, आपके विचार प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण का हिस्सा बन सकते हैं—अभी साझा करें! भारत की आजादी के 79 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, आपके पास प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के लिए बहुमूल्य विचार और सुझाव साझा करने का मौका है। कमेंट सेक्शन में अपना विचार साझा करें। हो सकता है कि प्रधानमंत्री इनमें से कुछ को अपने भाषण में शामिल करें। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाले अपने भाषण के लिए नागरिकों को अपने मत, विचार और सुझाव शेयर करने के लिए आमंत्रित करते हैं। भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भी पीएम मोदी ने देशवासियों से सुझाव मांगे थे। सहभागी लोकतंत्र को बढ़ावा पीएम मोदी ने उन सुझावों का जिक्र अपने भाषण में भी किया था। उन्होंने कहा था, विकसित भारत 2047, ये सिर्फ भाषण के शब्द नहीं हैं, इसके पीछे कठोर परिश्रम चल रहा है। देश के कोटि-कोटि जनों के सुझाव लिए जा रहे हैं और हमने देशवासियों से सुझाव मांगे और मुझे प्रसन्नता है कि मेरे देश के करोड़ों नागरिकों ने विकसित भारत 2047 के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। हर देशवासी का सपना उसमें प्रतिबिंबित हो रहा है, हर देशवासी का संकल्प उसमें झलकता है। युवा हो, बुजुर्ग हो, गांव के लोग हों, किसान हों, दलित हों, आदिवासी हों, पहाड़ों में रहने वाले लोग हों, जंगल में रहने वाले लोग हों, शहरों में रहने वाले लोग हों, हर किसी ने 2047 में जब देश आजादी का 100 साल मनाएगा, तब तक विकसित भारत के लिए अनमोल सुझाव दिए हैं।

## हरियाणा में 22 अगस्त से शुरू होगा मानसून सत्र, कैबिनेट बैठक में हुआ एलान



**पंचकूला (एजेंसी):** हरियाणा में आज मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई विषयों को लेकर चर्चा हुई। इसी के साथ कैबिनेट मीटिंग के बाद नायब सैनी ने एलान किया कि हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 22 अगस्त से होगा। इस दिन शुक्रवार है, शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। इसके बाद दो दिन यानी सोमवार और मंगलवार तक यह सत्र चलेगा। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में 21 एजेंडे लाए गए थे जिनमें 17 को मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट बैठक में नाबार्ड से 1850 करोड़ के लोन को हरियाणा सरकार की गारंटी पर मंजूरी दी गई। वहीं, गन्नौर में विश्व स्तरीय मंडी का निर्माण हो रहा है। जिस पर 3000 हजार करोड़ की लागत आएगी। इस मंडी से न सिर्फ हरियाणा बल्की कई राज्यों के किसानों को फायदा होगा। बैठक में फैसला लिया गया कि 60 साल से अधिक पूर्व विधायकों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए 10 हजार रुपए की दर से हर माह चिकित्सा भत्ता मिलेगा। एग्रो मॉल एलॉटीज को राहत दी है। इसके लिए विवादों के सामाधान 2 की शुरूआत की है।

## राज्यसभा में क्या हुआ? खड़गे ने डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिख जताई हैरान, सरकार का भी आया बयान



**खड़गे ने आगे कहा कि हमने इसे कल और आज भी देखा। क्या हमारी संसद इस स्तर तक गिर गई है? यह बेहद आपत्तिजनक है**

**नई दिल्ली (एजेंसी):** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन के वेल में सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों को मुद्दे उठाने से रोका जा रहा है। इसको लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन के उपसभापति को पत्र लिखकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान सदन के अंदर सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी पर चिंता जताई है। सभी विपक्षी दलों की ओर से लिखते हुए, खड़गे ने कहा, "हम इस बात से हैरान और स्तब्ध हैं कि जिस तरह से सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में दौड़ाया जा रहा है, जबकि सदस्य विरोध के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।" खड़गे ने आगे कहा कि हमने इसे कल और आज भी देखा। क्या हमारी संसद इस स्तर तक गिर गई है? यह बेहद आपत्तिजनक है और हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। खड़गे ने आगे मांग की कि उपसभापति यह सुनिश्चित करें कि जब भी सदस्य जनहित के मुद्दे उठाएँ, सीआईएसएफ कर्मी सदन के वेल में न आएँ। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राज्यसभा के सभापति के अचानक और अभूतपूर्व इस्तीफे के बाद, अब हम राज्य सभा के सदन पर सीआईएसएफ के जवानों का कब्जा देख रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने इस चौंकाने वाले घटनाक्रम पर राज्यसभा के उपसभापति को पत्र लिखा है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सदस्यों की मांग थी कि सुरक्षा बढ़ाई जाए, इसलिए सीआईएसएफ को तैनात किया गया। सदन के अंदर, सदस्यों ने कभी-कभी सत्ता पक्ष की मेज के ऊपर और वेल के पास शारीरिक रूप से खड़े होकर प्रदर्शन किया। उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए सुरक्षा तैनात की गई है। किसी भी सांसद को बोलने से नहीं रोका जाएगा। सदन के अंदर मार्शल और सुरक्षाकर्मी तब तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे जब तक सांसद कोई दुर्भावनापूर्ण कार्य नहीं करते। कुछ सांसद आक्रामक हो गए, इसलिए उन्हें रोकने के लिए व्यवस्था की गई।

## राहुल गांधी के वोट चोरी बयान पर चुनाव आयोग ने दी सख्त प्रतिक्रिया, कहा- ऐसे बयान को किया जाए नजरअंदाज




**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी संबंधी बयान पर चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आयोग ने इसे गैर-जिम्मेदाराना और निराधार करार देते हुए सभी चुनाव अधिकारियों से अपील की है कि वे इस तरह के बयानों से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपना कार्य करते रहें। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि इन दिनों इस तरह के आरोप आम हो गए हैं, जिनका कोई ठोस आधार नहीं होता। ऐसे में अधिकारियों को चाहिए कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करें। पारदर्शिता के लिए उठाए जा रहे कदम आयोग ने स्पष्ट किया कि वह चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है और आवश्यक कदम उठा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि उसका उद्देश्य हर मतदाता को निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव अनुभव प्रदान करना है। राहुल गांधी का आरोप क्या था? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 23 जुलाई को दावा किया था कि देश में चुनाव प्रक्रिया के दौरान वोट की चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा, हमने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट को चुना और उसकी वोटर लिस्ट को डिजिटल फॉर्मेट में कन्वर्ट किया। इसमें हमें छह महीने लगे। इसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि वोट की चोरी कैसे होती है, कौन करता है और नए वोटर्स कहां से लाए जाते हैं। राहुल ने कहा कि उनके पास इस संबंध में कागजी सबूत हैं, जिन्हें वे जनता और चुनाव आयोग के सामने पेश करेंगे। सिद्धारमैया का समर्थन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राहुल गांधी के दावे का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास वोट चोरी से जुड़े ठोस सबूत हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी आगामी 5 अगस्त को बेंगलुरु में प्रदर्शन करेंगे और चुनाव आयोग के अधिकारियों को दस्तावेज सौंपेंगे। चुनाव आयोग और कांग्रेस नेता के बीच यह टकराव ऐसे समय में सामने आया है जब देश में चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर बहस तेज होती जा रही है। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस अपने दावों को किस हद तक प्रमाणित कर पाती है और चुनाव आयोग इस पर आगे क्या रुख अपनाता है।

## अमेरिका के साथ भारत ने रेड लाइन की तय, ट्रंप के सामने नहीं झुकेगा नया हिंदुस्तान! केंद्रीय मंत्री ने कर दिया साफ



**नई दिल्ली (एजेंसी):** पिछले 48 घंटों में मोदी सरकार के सामने कई बड़े राजनीतिक और कूटनीतिक मोर्चे सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने फैसले से भारत को घेरने की कोशिश की, जबकि विपक्ष इसे झुकने के तौर पर पेश किया। हालांकि, भारत ने साफ कर दिया है कि वह न तो अपने किसानों न छोटे कारोबारियों और न ही राष्ट्रीय हित से कोई समझौता करेगा। बता दें, हाल ही में ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया था। पीएम मोदी का साफ संदेश ट्रंप के इस बयान के बाद विपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा था और कहा था कि सत्ता पक्ष अमेरिका के दबाव में झुक गया। लेकिन, भारत ने इसे खारिज कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा कि किसी भी विदेशी नेता ने भारत की कार्रवाई में हस्तक्षेप नहीं किया। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ट्रंप और पीएम मोदी के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी। इस पूरे विवाद के बीच मोदी सरकार ने ट्रंप के व्यापारिक दबावों को भी ठुकरा दिया है। अमेरिका को भारत का जवाब ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा था कि कई देश अमेरिका को टैरिफ में छूट देकर अमेरिका को खुश कर रहे हैं, लेकिन भारत उन देशों में नहीं है। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अपने किसानों, डेयरी सेक्टर और छोटे कारोबारियों के हित से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत ने बातचीत में अपनी रेड लाइन तय की थी और उसी पर अडिग है। किसे मिलेगी राहत? सरकार का यह सख्त कदम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों को भी राहत देगा। इन संगठनों में भारतीय किसान संघ (बीकेएस स्वदेशी जागरण मंच और छोटे व्यापारियों के संगठन शामिल हैं।

## मोहन भागवत को भी फंसाने की साजिश थी, मालेगांव विस्फोट मामले में एटीएस का हिस्सा रहे अधिकारी ने कोर्ट में किया दावा



**मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली एटीएस टीम के सदस्य रहे महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट में कहा कि उन्हें ऐसे काम करने को कहा गया जिनका मालेगांव कांड से कोई संबंध नहीं था।**

**मुंबई (एजेंसी):** मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट को बताया है कि उन्हें उस टीम में रहते हुए कुछ ऐसे काम करने को कहा गया, जिनका मालेगांव कांड से कोई वास्ता ही नहीं था। ऐसे ही कामों में से एक था- तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नए-नए सरसंघचालक बने मोहन भागवत को गिरफ्तार करना। कोर्ट के फैसले की विस्तृत प्रति सामने आने पर ही पता चलेगा कि कोर्ट ने उनके दावों पर क्या टिप्पणियां की हैं। मामले की जांच गलत दिशा में मोड़ दी गई गुरुवार को आए फैसले पर खुशी जताते हुए महबूब मुजावर बताते हैं कि इस मामले की पूरी जांच ही फर्जी थी। उनके अनुसार, सोलापुर में कुछ साहसिक अभियानों का नेतृत्व करने के कारण उन्हें कवरिंग पार्टी के रूप में एटीएस की उस 10 सदस्यीय टीम का हिस्सा बनाया गया था, जो मालेगांव विस्फोट कांड की जांच कर रही थी। वह कहते हैं कि मालेगांव में विस्फोट तो हुआ, लेकिन उसकी जांच गलत दिशा में मोड़ दी गई। आरोपियों को पहले ही उतारा मौते के घाटः महबूब मुजावर उन्होंने इस बात के तथ्य अदालत में पेश किए हैं कि जिन दो आरोपितों रामजी कालसंगरा एवं संदीप डांगे को एटीएस भगोड़ा बताकर ढूंढने का नाटक करती रही, उन्हें तो पुलिस पहले ही मार चुकी थी। इसके अलावा एक तीसरे व्यक्ति दिलीप पाटीदार को भी पुलिस खत्म कर चुकी है, जिसे कभी इस मामले में आरोपित बनाया ही नहीं गया। मुजावर कहते हैं कि रामजी कालसंगरा और संदीप डांगे की जगह साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (अब सेवानिवृत्त) का नाम आरोपित के रूप में शामिल कर एक फर्जी जांच शुरू की गई। वह एटीएस के तत्कालीन उपप्रमुख परमबीर च्सह की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि एक गलत व्यक्ति के द्वारा की गई गलत जांच का परिणाम आज सामने आ गया है। इसी कड़ी में मुजावर कहते हैं कि उन्हें इसी मामले में उनके अधिकारियों ने संघ प्रमुख मोहन भागवत तो गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। न मानने पर मुझे ही निलंबित कर कुछ झूठे मामलों में फंसा दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि अपने मामले की जांच के दौरान ही उन्होंने मालेगांव कांड में चल रही फर्जी जांच के दस्तावेज एनआइए कोर्ट को सौंप दिए थे। अब उन्हें इंतजार है कोर्ट द्वारा उनके दस्तावेजों पर की गई टिप्पणी का।

# राहुल गांधी का भारत विरोधी बयान देना सही नहीं : किरेन रिजिजू



**केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दिए गए बयान पर हमला बोला है। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि ऐसे बयानों से देश की छवि को नुकसान पहुँचता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का सम्मान बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।**

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी के बयानों को भारत विरोधी बताया और कहा कि वह बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो सही नहीं है। विपक्ष की मांग पर ऑपरेशन सिंदूर पर की गई चर्चा केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही के पहले दिन से विपक्ष ने हंगामा करने का काम किया। विपक्ष की मांग पर ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की गई और सभी दलों ने इसमें हिस्सा भी लिया। जब एक विषय पर चर्चा खत्म हो जाती है तो अलग-अलग दलों की ओर से नोटिस दिए जाते हैं, लेकिन बहस शुरू होते ही वे वेल में आ जाते हैं। विपक्ष सदन को चलने नहीं देता और फिर आरोप लगाता है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा। मैं इस झूठे आरोप की निंदा करता हूं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा। किरेन रिजिजू ने कहा-राहुल गांधी बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो सही नहीं है। यहां तक कि कई विपक्षी पार्टी के नेताओं ने भी इसकी निंदा की है। कोई भी भारत की अर्थव्यवस्था और छवि के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। राहुल गांधी कोई बच्चे नहीं हैं, यह हर भारतीय का कर्तव्य है, और विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें समझना चाहिए कि देश विरोधी बयान देना और संसद को बाधित करना सही नहीं है। दोनों सदन सोमवार तक के लिए स्थगित केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद की कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए बताया, दोनों सदनों को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मैंने पहले भी कहा है कि इसका सबसे बड़ा नुकसान विपक्षी दलों के सदस्यों को उठाना पड़ रहा है। सरकार काम कर रही है, जनता के आशीर्वाद से, और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार मजबूती से चल रही है। मगर, संसद नहीं चलने से सबसे ज्यादा नुकसान विपक्षी सांसदों को हो रहा है। वे लोगों की आवाज और सवाल नहीं उठा पा रहे हैं। सरकार नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार उन्होंने आगे कहा, संसद न चलने से विपक्षी नेताओं के मुद्दे नहीं उठाए जा रहे, जिन नियमों के तहत मुद्दों पर चर्चा की अनुमति है, वे उन मुद्दों पर चर्चा नहीं करते। एसआईआर पर बहस की विपक्ष की मांग पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार नियमों के अनुसार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती, क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया है और यह पहली बार नहीं हो रहा है।

## संपादकीय

# ट्रंप का झटका

दोस्त दोस्त ना रहा। ट्रंप ने आखिर, अपना रंग दिखा ही दिया। इसे भारत को बहुत पहले समझ जाना चाहिए था लेकिन अफसोस हम आज भी ट्रंप से उम्मीदें लगाए हुए हैं जबकि ट्रंप ने शीराजा ही हिला दिया है। कहां तो हम अपने अनुकूल व्यापार समझौते की उम्मीद लगाए बैठे थे पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के बहाने ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से 25प्र. शुल्क लगाने की घोषणा की है। रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुमार्ना लगाने का भी फैसला किया है। ट्रंप ने यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय की है, जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। ट्रंप की इस हरकत को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है, जिसने हाल में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। लगता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा के दौरान भारत सरकार का यह कहना कि किसी देश ने भारत को युद्धविराम के लिए नहीं कहा था, ट्रंप को अखर गया है। ट्रंप तो अब तक 30 बार कह चुके हैं कि युद्धविराम उन्होंने ही कराया था। लगता है कि ट्रंप भारत को परेशान करने पर उतर आए हैं। उन्होंने सोशल मीड़िया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को अप्रिय करार दे ड़ाला है। ट्रंप ने कहा-सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25प्र. शुल्क और रूस से खरीद को लेकर जुमार्ना भी देना होगा। चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। इन अपमानकारी हरकतों के बाद ट्रंप ने भारत को भ्रमित करने की कोशिश की और सोशल मीड़िया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। ट्रंप की घोषणा पर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई है। दरअसलङ्क भारत दुविधा में है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि 25प्र. का शुल्क मौजूदा 10प्र. के मूल शुल्क के अतिरिक्त होगा या नहीं। ट्रंप भरोसे के काबिल नहीं रह गए हैं। याद रखें कि ब्रिक्स बैठक में पारित इस्राइल विरोधी प्रस्ताव के बाद वह पहले ही भारत सहित सभी ब्रिक्स देशों पर 10प्र. शुल्क लगा चुके हैं। अभी तो रूस से तेल व सैन्य सामग्री की खरीद पर लगने वाला शुल्क कितना होगा यह भी साफ नहीं है।

## चिंतन-मनन

# सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैंः हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। ऐसे ही हो तुम, जैसे सामने गंगा बहती हो और किनारे पर खड़े तुम छाती पीटते हो, चिल्लाते होः प्यासा हूं, मैं जल चाहता हूं!' झुको और पीओ! गंगा सामने बहती है। और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है।

## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग



योगेश कुमार गोयल



एक जमाना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्रआज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है!और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति!! आज उस जमाने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन!! इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है!!! उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की!! यह थी टिकाऊ जीवन शैली!!

साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद जरूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीजा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज्जा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं।

हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने जमाने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें।

साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मजबूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है!! तुम पुराने जमाने के सोने के अंडे खाए!! लाभ पाए हो!!! इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें।

साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु जरूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की, अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन, सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं। निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। युवाओं के बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग है।

(संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

# मुद्दाः हर किसी की भाषा से जुड़ना होगा



विवेक शुक्ला

भारत में अपने देश की भाषाओं को लेकर होने वाले विवाद को लेकर हम सब खबरें पढ़ते रहते हैं। इस मसले पर सियासत भी खूब होती है। तो इस समस्या का हल क्या है? सच पूछा जाए तो भाषा के मसले पर विवादों का एकमात्र हल है कि हम अपनी मातृ भाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। एक उदाहरण लीजिए। सुष्मिता बोस और अमना जकी राजधानी के अपने स्कूल की लाइब्रेरी के बाहर धारा प्रवाह पंजाबी में बातचीत कर रही थीं। इनके बीच संवाद को सुन कर कोई कह नहीं सकता था कि दोनों की मातृ भाषा पंजाबी नहीं है। बांग्लाभाषी सुष्मिता और अमना के घर में उर्दू या कहें हिन्दुस्तानी बोली जाती हैं। दोनों ने पंजाबी लिखना-बोलना राजधानी के अपने दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार में सीखा। इधर पंजाबी भाषा सभी बच्चों को आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है।

अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृ भाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिलङ्क बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। दशमेश पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन सरदार बलबीर सिंह विवेक विहार कहते हैं कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती हैं। लेकिन यह विविधता कभी-कभी क्षेत्रीय और भाषाई दीवारें भी खड़ी कर देती है, जो लोगों के बीच आपसी समझ और एकता को कमजोर कर सकती है।

इस संदर्भ में, भारत के स्कूलों में विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को पढ़ाने की अवधारणा न केवल एक शैक्षिक सुधार है, बल्कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। प्रत्येक भाषा अपने साथ साहित्य, परंपराएं, और जीवनशैली की अनूठी झलक लेकर आती है। उदाहरण के लिए, बांग्ला भाषा रबींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे साहित्यकारों की विरासत को समेटे हुए है, तो पंजाबी भाषा गुरबानी और लोक संगीत की जीवंतता दशार्ती है। इसी तरह, असमिया और मलयालम जैसी भाषाएं अपनी साहित्यिक-सांस्कृतिक गहराई के लिए जानी जाती हैं। एक बांग्लाभाषी बच्चा, जो पंजाबी सीखता है, न केवल भाषा सीखेगा, बल्कि पंजाब के इतिहास, सिख संस्कृति और वहां के लोक नृत्यों जैसे भांगड़ा को भी समझेगा। इसी तरह, हिन्दीभाषी बच्चा, जो असमिया सीखता है, असम के चाय बागानों, बिहू नृत्य और वहां की प्राकृतिक सुंदरता से भी परिचित होगा।

यह प्रक्रिया बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सम्मान विकसित करेगी जो राष्ट्रीय एकता की नींव बन सकती है। जो बच्चे एक से अधिक भाषाएं सीखते हैं, उनकी संज्ञानात्मक लचीलापन, समस्या-समाधान क्षमता और रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश, जहां हर कुछ सौ किमी. पर भाषा और बोली बदल जाती है, में बच्चों को विभिन्न भाषाएं सिखाने से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, मलयाली बच्चों को हिन्दी पढ़ाने से न केवल उन्हें नई भाषा सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह उन्हें उत्तर भारत की संस्कृति-साहित्य से भी जोड़ेगा। हिन्दी, जो भारत की राजभाषा है, देश के कई हिस्सों में संवाद का प्रमुख माध्यम है। मलयाली बच्चे जब हिन्दी सीखेंगे तो हिन्दी साहित्य के महान कवियों जैसे सूरदास, तुलसीदास, और प्रेमचंद की रचनाओं से परिचित होंगे। यह उनके लिए एक नई सांस्कृतिक खिड़की खोलेगा।

भारत में क्षेत्रीयता और भाषाई पहचान कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती है। जब एक बांग्लाभाषी बच्चा पंजाबी सीखता है, तो न केवल भाषा सीखता है, बल्कि पंजाब की संस्कृति, त्योहारों और जीवनशैली को भी समझता है। बहुभाषी शिक्षा के व्यावहारिक लाभ भी कम नहीं हैं। भारत तेजी से वैश्विक होता देश है, जहां नौकरी और व्यापार के अवसर अब क्षेत्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न भाषाओं का ज्ञान बच्चों को भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी बहुभाषी शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।




हालांकि विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाने का विचार आकर्षक है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में चुनौतियां भी हैं। कई स्कूलों में संसाधनों की कमी है। विभिन्न भाषाओं को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता होगी जो चुनौती हो सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, स्कूलों में भाषा शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया जा सकता है, ताकि छात्र अपनी रु चि के अनुसार भाषा चुन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती हैं, में बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में मह'वपूर्ण कदम हो सकती है।

# भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं चाहिए

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प आज कल टैरीफ को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही राष्ट्रपति ट्रम्प के सीजफायर पर संसद में उनका गुणगान नहीं किया गया और बदले की भावना से रूस से भारत के तेल व्यापार का बहाना बनाकर भारत पर 25परसेंट टैरीफ लगाने का ऐलान कर दिया इससे भारत को चिंता करने की बात नहीं है अटलजी जब प्रधानमंत्री थे तो 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण पर भी आर्थिक प्रतिबंध इससे कहीं अधिक था लेकिन बाद में आर्थिक प्रतिबन्ध को हटाना पड़ा क्योंकि उससे अमेरिका का ही बाजार बन्द हुआ और नुकसान हुआ अब 25 परसेंट लगावो या 100 परसेंट भारत 140 करोड़ जनता का देश है और लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः हम क्यों डरे भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे मजदूर वर्ग कोई चोरी से नहीं मेहनत से रोटी के लिए खून पसीना एक कर देता है चाहे गर्मी हो या बरसात और एक आकड़ा के मुताबिक भारत के गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बीजेपी को सबसे ज्यादा वोट देते हैं हमारा देश भगवान राम के आदर्शो पर चलने वाला देश है किसी भी देश की अपनी आतंरिक मामलों पर दखल देना हरगिज पसन्द नहीं करेगा भारत माता में हमारी पुरी आस्था है और हमारे जवान जुझारू हैं हमारी टेक्नोलॉजी को पुरी दुनिया लोहा मानती हैं अतः कभी भी भारत को किसी भी क्षेत्र में कम आंकना गलत होगा टैलेंटेड लोगो की खान है भारत, तभी अमेरिका के लाख मना करने और उसके सेटेलाईट को मात देकर परमाणु परीक्षण किया और देश में कलाम और चिदंबरम जैसे वैज्ञानिक हुए देश उस समय गर्व से एकता का प्रदर्शन किया और अभी भी भारत को इन सब से चिंता नहीं चैलेन्ज की तरह लेना चाहिए। इसी पर एक कहानी याद आती है एक बार गिद्धों का एक बड़ा झुंड उड़ता-उड़ता एक टापू पर जा पहुँचा। वह टापू समुद्र के बीचों-बीच था, जहाँ शांति ही शांति थी। मछलियाँ, मेंढक और छोटे समुद्री जीवों की भरमार थी। वहाँ गिद्धों को भोजन की कोई कमी नहीं थी। और सबसे बड़ी बात–टापू पर कोई शिकारी जानवर नहीं था।

गिद्धों को जैसे स्वर्ग मिल गया हो। आरामदायक जीवन, बिना किसी खतरे के। हर दिन मौज-मस्ती, भरपेट भोजन और चैन की नींद। गिद्धों में अधिकतर युवा थे। उन्होंने वहीं बस जाने का मन बना लिया। वे बोले, 'अब जंगल का क्या काम? वहाँ खतरे हैं, मुश्किलें हैं। हम यहीं रहेंगे, यही हमारा भविष्य है।'



लेकिन उसी झुंड में एक बूढ़ा गिद्ध भी था। उसने वह जंगल देखा था जहाँ जीवन कठिन था, लेकिन सच्चा था। उसने शिकारी जानवरों से जूझना सीखा था, भूख में उड़ना सीखा था, और गिरकर उठना सीखा था।एक दिन बूढ़े गिद्ध ने सभा बुलाई। उसने कहा, 'बेटों, यह टापू तुम्हें मजबूत नहीं बना रहा, यह तुम्हें कमजोर कर रहा है। तुम उड़ना भूल चुके हो, पंजे कुंद हो गए हैं, और आँखें आलस की धुंध में धँस चुकी हैं। चलो, लौट चलें जंगल की ओर, जहाँ जीवन कठिन है, लेकिन वो तुम्हें जीवित रहना सिखाता है।'

युवा गिद्ध हँस पड़े। एक ने कहा, 'बाबा, तुम पुरानी सोच के हो। अब जमाना बदल गया है। हमें आराम मिल रहा है, फिर जंगल क्यों लौटें?'

बूढ़े ने बहुत समझाया, लेकिन कोई नहीं माना। वो अकेला ही उड़ गया। समय बीता।

कुछ महीने बाद बूढ़े गिद्ध को अपने पुराने साथियों की याद आई। उसने सोचा, 'देखूं, सब कैसे हैं।' वह वापस टापू पर लौटा। पर वहाँ जो उसने देखा, उससे उसकी आँखें भर आईं।

हर ओर गिद्धों की लाशें पड़ी थीं। कुछ घायल गिद्ध तड़प रहे थे। उसने दौड़कर एक घायल गिद्ध से पूछा, 'ये क्या हो गया?'

घायल गिद्ध की आँखों में पश्चाताप था। उसने कहा,

'बाबा, आपके जाने के कुछ दिन बाद एक जहाज आया। जहाज से कुछ शिकारी कुत्ते इस टापू पर छोड़ दिए गए। पहले तो उन्होंने कुछ नहीं किया, लेकिन फिर उन्हें पता चल गया कि हम उड़ नहीं सकते। हमारे पंजे बेकार हो चुके हैं, नाखून कुंद हो चुके हैं। फिर उन्होंने हम पर हमला किया।।। और एक-एक कर मार डाला। हम चाहकर भी भाग नहीं सके। हमें माफ कर दीजिए, हमने आपकी बात नहीं मानी।।।'

बूढ़े गिद्ध ने सिर झुका लिया। वह जानता था, जो होना था, वह हो चुका है।अतः हमें अपने दम पर मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे रहना चाहिए भारत आत्मनिर्भर देश है अंग्रेजो को भगाया आजादी में जी रहें हैं हमें किसी देश की धमकी नहीं डरा सकती है।अतः हम खुद ही अपने ताकत और ईमानदारी से मेहनत से उड़ते हैं हमारे पंजे बेकार नहीं हैं, हमारे आदर्श भगवान श्री राम है जिसमें गिद्ध ने भगवान के लिए अपने प्राण भी दे दिए और जटाउ ने तो रावण से सीता माता को रावण से विमान से छुराने के लिए संघर्ष किया और भगवान श्री राम की गोद में अपने प्राण त्याग दिया और उसी के भाई संपात्ति ने रामेश्वरम के धनुषकोटि से भगवान श्री राम के साथ वानर सेना को देखकर अपने भाई का हाल पूछा और राजा सुग्रीव और सभी वानर सेना सीता माता की खोज में निकलें थे और हताश हो गए थे तभी सम्पाती ने चट्टान के ऊपर से देखकर बता दिया की सीता माता लंका में रावण के अशोकवाटिका में बैठी है और तभी उसने ऐ भी कहा गिद्ध की नजर याने देखने की क्षमता अन्य प्राणियों से काफी अधिक होती है भारत एक ऐसा , देश है जो हजारों वर्षों से युद्ध लड़ता आया, जिसने ज्ञान, बलिदान, तप और त्याग की विरासत पाई थी। लेकिन अब वह टापू के गिद्धों की तरह दूसरे देश के झुण्ड में चलने से अच्छा अपना रास्ता चुने जो आत्मनिर्भर भारत गांधीजी का एक सपना था। भारत के वीर सेना के ऊपर ट्रम्प ने उनकी बहादुरी को बिलकुल दरकिनार कर दिया और अब चाहता है कि मेरा सिक्का भारत में चले ऐ देश के स्वाभिमान का प्रश्न है भारत का एक एक नागरिक अपने मातृभूमि से प्यार करता है सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं भारत माता के स्वाभिमान की रक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका महान थी जिसे देश पर गर्व है। भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं है मीडिया और विपक्ष को अब देश में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना के प्रति रना सकारात्मक होना चाहिए घटना घटी वहाँ कोई सिपाही मौजूद नहीं था और आतंकवादी ने सभी पर्यटक को मार डालें कभी कभी घटना अनजाने में हो जाती है जिसे राज्य सरकार को देखना चाहिए लेकिन उन बीते हुए कल को याद कर किसी पर दोष देकर मीडिया और दूसरे देश में मजाक उड़ाते हैं लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए पर्यटक को न्याय जरूर मिला जबकी 26/11/2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में केवल आतंकवादी ही मारे गए और कसाब को इतना दिन तक जिन्दा क्यों रखा और यदि बयान देने और सवाल पूछने के बाद आखिर क्या हुआ।

# अमरोहाः जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, जल्द निवारण के दिए निर्देश

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिले की नवागत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अपने कार्यकाल में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को इनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निवारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत आम जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्रता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, जो 2015 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, ने सितंबर 2024 में अमरोहा के जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपनी नियुक्ति के बाद से ही उन्होंने जिले के विकास और जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया है। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों ने विभिन्न मुद्दों जैसे भूमि विवाद, पेंशन संबंधी समस्याएं, राशन वितरण में अनियमितता, सड़क और बिजली की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निवारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, "जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक



फरियादी को न्याय मिलना चाहिए और उनकी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।" उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निस्तारण के बाद फरियादियों से फीडबैक लिया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे समाधान से संतुष्ट हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिले के अधिकारियों को शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। साथ ही, उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात दोहराई। निधि गुप्ता वत्स का प्रशासनिक करियर प्रेरणादायक रहा है। बरेली में नगर आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। उनकी सख्त कार्यशैली और जनता के प्रति संवेदनशीलता ने उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों ने जिलाधिकारी के इस कदम की सराहना की। एक फरियादी, रामपाल सिंह ने कहा, "हमें उम्मीद है कि हमारी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। जिलाधिकारी ने हमारी बात को गंभीरता से सुना, जो हमें विश्वास दिलाता है।" इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता दर्शन और संपूर्ण समाधान दिवस जैसे मंचों का उपयोग जनता की शिकायतों के निवारण के लिए प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने और शिकायतों की जांच करने के लिए कहा ताकि समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। अमरोहा जिला प्रशासन के इस प्रयास से न केवल जनता का विश्वास बढ़ा है, बल्कि यह भी संदेश गया है कि प्रशासन जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए तत्पर है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की यह पहल जिले में सुशासन और विकास की नई दिशा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वरोजगार योजना के अर्न्तगत युवक युवतियों को 02 दिवसीय शिविर प्रशिक्षण का किया जाएगा आयोजन

**अमरोहा(सब का सपना):-** राजकीय फल संरक्षण केंद्र प्रभारी विक्रांत सिंह राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि राजकीय फल सरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र अमरोहा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक व युवतियो को प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अर्न्तगत 02 दिवसीय शिविर का आयोजन न्याय पंचायत स्तर पर अमरोहा जनपद दो न्याय पंचायतो की ग्राम सभा में निशुल्क कराया जायेगा। मुख्यमंत्री की इस महत्वाकाक्षी योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने से दूसरे लोगो को भी रोजगार से जुडने का अवसर प्रदान होगा। प्रशिक्षण उपरान्त इच्छुक व्यक्तियो से प्रस्ताव तैयार करा कर विभाग द्वारा धनराशि 100000/- (रुपए एक लाख) अनुदान मशीन उपकरण पर दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा फल सब्जी पर आधारित उत्पाद, सॉस कैचप, फूट जूस, पेठा, मुरब्बा, जैम, पापड, बडी, अचार, आलू चिप्स आदि। बनाने की जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ग्राम सभा स्तर पर किया जायेगा इच्छुक महिला एवं पुरूष जिनकी आयु 21 वर्ष एव साक्षर हो। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र अमरोहा में प्रभारी के मो0न0-7456089286,7248149138 द्वारा कार्यलय में शीघ्र संपर्क करे।

# जल भराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पंचायत घर व चामुंडा मंदिर पर जाने वाले मार्ग को पक्का और हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत तोड़े गए रास्ते को ठीक करने की मांग की**

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** विकासखंड क्षेत्र के गांव में ग्राम पंचायत व चामुंडा मंदिर पर जाने वाले मार्ग को पक्का करने को लेकर व हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत तोड़े गए रास्ते को लेकर पुनः बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। ज्ञात रहे कि विकास खंड क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा खालसा और ग्राम घोसीपुरा को मिलाकर ग्राम पंचायत घोसीपुरा बनाई गई थी। जिसका



पंचायत घर ग्राम तेलीपुरा खालसा में बना हुआ है। जिसका निर्माण अब से लगभग 6 वर्ष पूर्व हो गया था। लेकिन उस पर आने जाने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। उसी सड़क पर चामुंडा मंदिर भी बना हुआ है। बरसात के समय मार्ग पक्का न बना होने के कारण ग्रामीणों को पंचायत घर और चामुंडा मंदिर को जाने के लिए कीचड़ एवं जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा बार बार मांग करने के बाद भी सड़क की ओर किसी भी विभागीय अधिकारी का ध्यान नहीं गया है। ग्राम तेलीपुरा में आबादी में बनी सी सी रोड को हर घर जल अभियान के तहत तीन वर्ष पूर्व तोड़ दिया गया था लेकिन टूटे हुए स्थान को अभी तक भी पक्का नहीं किया गया है।ग्राम वासियों ने पंचायत घर को जाने वाले रास्ते को पक्का कराने एवं आबादी की टूटी सी सी रोड के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जगदीश चौहान , टेकचंद चौहान, चमन चौहान, परविंदर सैनी, गजेन्द्र सैनी, राजेश सैनी, जवर सिंह, नौबत सिंह, शर्मेंद्र सिंह, मूर्ति देवी, जयवती देवी ने भाग लिया।

# एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने करतार सिंह





**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिले में एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन से दूसरी बार करतार सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एससी एसटी बेसिक टीचर्स वैलफेयर एसोसिएशन जनपद इकाई अमरोहा की जिला कार्यकारणी का चयन/ मनोनयन/ चुनाव हेतु समयनुसार जिला अध्यक्ष एवं जिला महामन्त्री के चुनाव हेतु नामांकन किया गया। जिस मे जिलाअध्यक्ष पद हेतु दो नामांकन तथा जिला महा मन्त्री हेतु दो नामांकन किए गए जाँच उपरान्त सभी के नामांकन वैध पाए गए। नियमनुसार निर्वाचन कमेटी मुरादाबाद द्वारा सभी पदो का शान्तिपूर्वक मतदान प्रारम्भ कराया गया जनपद के सभी एससी एसटी के शिक्षक / शिक्षिकाओ द्वारा मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग कर अपने अपने मत का प्रयोग किया। शाम पाँच बजे तक मतदान किया गया, शाम पाँच बजे तक 599 शिक्षक/ शिक्षिकाओ ने अपने मत का प्रयोग किया मतदान बहुत ही शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ उसके बाद निर्वार्चन कमेटी एवं पर्यवेक्षको की निगरानी मे कुल पड़े मतो की गिनती की गई। जिसमे जिलाध्यक्ष पद हेतु करतार सिंह को 396 मत तथा वरन सिंह को 200 मत मिले उसी प्रकार जिला महामन्त्री पद हेतु जगवीर सिंह को 303 मत तथा योगेश कुमार को 287 मत मिले तथा निरस्त मत =2 कम मत पाया गया=1 जिसमे जिलाध्यक्ष पद हेतु करतार सिंह 196 मतो से एवं जिला महामत्री पद हेतु जगवीर सिंह को16 मतो से विजयी घोषित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक / शिक्षिकाओ के अलावा समाज के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# इनरव्हील उपवन खुशहाल धरा प्रोजेक्ट पर विद्यालय में लगाए पेड़ पौधे

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** ज़िले में इनर व्हील कल्ब आफ अमरोहा द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत इनर व्हील उपवन खुशहाल धरा प्रोजेक्ट पर काम करते हुए फर.र. के विद्यायल नारायणी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे खाली कोने का सौंदर्यीकरण करते हुए वहां क्यारी बनवाई। जिसमें 35पौधे लगवाए गए। 15 पेड़ नीम, बरगद अशोक और एरिका पाम आदि के लगाए गए। इसके साथ 20 गमले पौधें सहित विद्यायल को भेंट करे। इनर




व्हील ब्रांडिंग करते हुए इनर व्हील लोगो स्कूल की दीवारों पर बनवाए गए। हरे भरे पर्यावरण से जुड़े स्लोगन विद्यालय परिसर एवं मुख्य दरवाजे पर भी लिखवाए। स्वस्थ पर्यावरण, खुशहाल जीवन को बनाने में बच्चों की भूमिका पर क्लब अध्यक्षा शर्मिला गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रोजेक्ट मे 200 बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए छोले पूरी का मध्यान भोजन भी खिलवाया गया जिसे खाकर उनके चेहरे खुशी से चमक उठे। पर्यावरण जागरूकता हेतु सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ मिल कर नो प्लास्टिक अभियान की शपथ भी ली। इस अवसर पर सचिव डॉ सीमा अग्रवाल, स्वाति, मंजू गोयल,सीमा अग्रवाल, सीमा सिंह, सुप्रिया, निधि माहेश्वरी , रीना, अंजु अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# 'बम बम भोले' के जयकारों से गूंजा गजरौला नेशनल हाईवे

**श्रावण के अंतिम सोमवार को शिवालियों में जलाभिषेक के लिए भगवा रंग में रंगा नेशनल हाईवे**





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को शाल भक्त शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिसको लेकर कांवड़ियों का बृजघाट से जलभरकर वापस लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिससे नेशनल हाईवे केसरिया रंग में रंगा नजर आ रहा है। ऐसे में पुलिस ने हाईवे की चौकसी भी बढ़ा दी है। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। शुक्रवार को एकाएक ही बढ़ी कांवड़ियों की भीड़ के बाद एसपी ने अधीनस्थों को चौकन्ना किया है। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि रामपुर, मुरादाबाद आदि जिलों के कांवड़िये बृजघाट से कांवड़ में गंगा जल भरकर अपने शिवालयों की तरफ वापस लौट रहे हैं। ये सभी सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। सावन माह के अंतिम सोमवार के नजदीक आते ही दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी है। शुक्रवार को भी कांवड़ियों के जत्थे दिनभर गजरौला स्थित नेशनल हाईवे से होकर गुजरे। बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िए अपनी मंजिल की ओर बढ़ते दिखाई दिए। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सभी इंतजाम किए हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए नेशनल हाईवे पर हल्के वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। कांवड़ियों को किसी भी तरह की कोई भी समस्या नहीं होने दी जाएगी।

# पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त होगी कल जारी

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में पी0एम0 किसान उत्सव दिवस में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त जारी की जायेगी। जिसका लाईव प्रसारण उक्त दिनांक प्रातः 11:00 बजे को वर्चुअल रूप से लिंक https://pmindiawebcast.nic.in के माध्यम से प्रसारित किया जायेगा। जिसे सफल बनाने हेतु कृषि विभाग, अमरोहा द्वारा एक मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, तारापुर गजरौला पर रखा गया है। विकासखण्ड जोया, गंगेश्वरी, धनौरा एवं गजरौला का कार्यक्रम विकासखण्ड परिसर में होगा तथा विकासखण्ड हसनपुर का नवीन तहसील के समीप उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी



कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड अमरोहा का कार्यक्रम ब्लॉक परिसर में जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को बीज मिनिकिट प्रदान किये जायेगें, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किये जायेगें। आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर किसान सम्मान समारोह पंचायत सहायक द्वारा पंचायत भवन पर अपने लैपटॉप/कम्प्यूटर के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण की समुचित व्यवस्था की गयी है। जनसेवा केन्द्रों पर जन सेवा संचालक द्वारा उक्त कार्यक्रम का समय से संचालन किया जायेगा। कृषक उत्पादक संगठन, गन्ना समिति, मण्डी समिति, सहकारी समितियों पर भी उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों द्वारा कराया जा रहा लाइव प्रसारण के दिन सम्मान निधि सम्बन्धित सफलता की कहानी नव पंजीकृत सम्मान निधि के लाभार्थियों की भागीदारी मेरी पंचायत ऐप पर पंचायत सहायक द्वारा उपलोड किया जायेगा। जारी की जा रही पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 20वी किस्त में जनपद अमरोहा के लगभग 2,61,000 किसानों के बैंक खातों में 2,000 प्रति किसान के हिसाब से 52.20 करोड़ रुपए की धनराशि प्रेषित कर दी जायेगी।

# पुलिस द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हसनपुर दिनेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा दिनांक शुक्रवार को थाना हसनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुभाष पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम लठीरा माफी थाना हसनपुर जनपद



अमरोहा, मुकेश पुत्र मुंशी उर्फ मल्खे निवासी ग्राम लठीरा माफी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा, जितेन्द्र पुत्र परम सिंह निवासी ग्राम जाटोवाली थाना बछरायूं जनपद अमरोहा को मय चोरी की हुई मो0साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। खबर लिखे जाने तक तीनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा था।

# संकुल की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन





**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिले में संकुल की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, जे एस हिंदू इंटर कॉलेज, श्री रामचंद्र खत्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा एस एस अकादमी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का उदघाटन कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सी पी सिंह द्वारा किया गया । सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता कराकर जनपद प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया चयनित छात्र छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं अंडर 14 बालक वर्ग मे शौर्य राज सागर ,प्रियांशु ,बालिका वर्ग मे तेजस्विनी संधू ,तहरीम फातिमा और अलिबा अंडर 17 बालक वर्ग आर्यन राज सागर ,अंश कुमार ,दीपक, दीपांशु सैनी,बालिका वर्ग उरूबा,एलिसा अंडर 19 बालक वर्ग फैज,अदनान, तनिष्क उत्पल,बालिका वर्ग अलसिफा,माही, का चयन जनपद प्रतियोगिता के लिए हुआ । उपरोक्त प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में शिव कुमार सिंह,राजवीर सिंह, नवनीत कुमार, और राजलक्ष्मी उपस्थित रहे।

## एक वारंटी को बहजोई पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बहजोई/संभल(सब का सपना)**पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान के अंतर्गत थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त रज्जू पुत्र डोरी सिंह यादव निवासी ग्राम किसौली थाना बहजोई जनपद सम्भल को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

# रोडवेज बस स्टैंड परिसर बहजोई में प्रारम्भ हुआ सात दिवसीय आकांक्षा हाट

### सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने फीता काटकर आकांक्षा हाट का किया शुभारंभ**

**बहजोई/ सम्भल (सब का सपना):–** रोडवेज बस स्टैंड बहजोई परिसर में नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक ( 1 अगस्त से 7 अगस्त तक) आकांक्षा हाट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति जी रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा यूपी वाले भैया





गाने पर भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि द्वारा आकांक्षा हाट एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हस्ताक्षर एवं हुनर की छाप के अन्तर्गत हाथ की छाप लगायी तथा विभिन्न विभागों के अन्तर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगायीं गयीं स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री जी को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से निर्मित गौमय उत्पाद एवं अन्य उत्पाद जिलाधिकारी द्वारा भेंट किये गये तथा अन्य अतिथि गणों को पुष्प एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं साप्ताहिक आकांक्षा हाट कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नीति आयोग द्वारा गत वर्ष स्वास्थ्य, कृषि तथा सामाजिक विकास इन तीनों विषयों को लेकर सम्पूर्णता अभियान चलाया गया और उसी के अन्तर्गत जनपद सम्भल को पूरे प्रदेश के अन्य 10 जनपदों के साथ सिल्वर मेडल भी मिला है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 2018 में आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम शुरू किया उसी से प्रेरणा लेकर उत्तर प्रदेश आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा भारत सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम लागू किया तथा उसी में हमारे जनपद ने 6 इंडीकेटर्स में सम्पूर्णता अभियान में सिल्वर मेडल प्राप्त किया तथा 6 इंडीकेटर्स में से 5 में संतृप्तता पूरी की। उन्होंने कहा कि हमारा जनपद सिल्वर मेडल एवं गोल्ड मेडल प्राप्त किये प्रदेश के 14 जनपदों में सम्मिलित है। उन्होंने 14 जनपदों में सम्मिलित होने पर जनपद के अधिकारियों तथा फ्रंट लाइन वर्करों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारी सम्भल टीम एक साथ मिलकर नीति आयोग एवं नियोजन विभाग के द्वारा जारी सातों आकांक्षात्मक ब्लॉकों को संतृप्त करेगी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आकांक्षा हाट हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत जो स्टाल लगाये गये हैं उनमें हमारी बहनों के द्वारा तैयार किये गये उत्पादन में उत्कृष्टता देखने को मिलती है। हमें स्वदेशी उत्पादों को बढाने के लिए कार्य करना चाहिए तथा आकांक्षा हाट से स्वदेशी उत्पादों का क्रय कर समूहों की दीदियों का मनोबल बढाना चाहिए। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि द्वारा आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्न प्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा मंच का संचालन सीडीपीओ रचना यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी तथा नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू,तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी तथा उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ड्रोन सम्बन्धी फैल रही अफवाहों को लेकर पुलिस ने गोष्ठीया कर किया जागरूक





**अमरोहा (सब का सपना):–** पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि ड्रोन सम्बन्धी कई प्रकार की भ्रामक जानकारियाँ एवं अफवाहें सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर फैलाई जा रही हैं, जो पूर्णतः असत्य एवं भ्रम उत्पन्न करने वाली हैं। जनता से अपील की गई कि वे ऐसे किसी भी फर्जी या अफवाहयुक्त संदेश को न तो शेयर करें और न ही इन पर विश्वास करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार जनपद की समस्त थाना चौकी क्षेत्र पुलिस के द्वारा गांव - गांव में जा



जाकर, चौपाल आयोजन कर आमजन मानस को अफवाह से दूर रहने की सलाह देते हुए ड्रोन या ड्रोन जैसी संदिग्ध वस्तु दिखाई देने की स्थिति में नागरिक व्हाट्सएप नंबरः 9454458055 फोटो/वीडियो, स्थान, समय जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि ड्रोन का अनाधिकृत प्रयोग, अथवा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने जैसी गतिविधियाँ गंभीर अपराध की श्रेणी में आती हैं, जिनके विरुद्ध दण्डात्मक व कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अमरोहा पुलिस आम जनता से सहयोग की अपील करती है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके।

# जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का किया गया आयोजन





**बहजोई/ सम्भल (सब का सपना):–** जनपद के विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत नन्दपुर बीटा में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग,आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। उन्होंने पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पहले लाभार्थी को 51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसको बढाकर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाती है। मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल में उपस्थित लोगों से कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा कृषि यंत्रीकरण एवं पीएम कुसुम योजना आदि के विषय मे बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने मनरेगा, कैच दॅ रेन के विषय में जानकारी दी और उन्होंन अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ग्रामीण अपने खेत खलिहानों में ट्रेंच की खुदाई करें। शिक्षा विभाग के द्वारा भी अपनी विभिन्न योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गाँव की स्वच्छता पर सभी ग्रामवासियों को ध्यान रखना होगा। कूड़ा कचरा आर आर सी सेंटर में एकत्र किया जाए। असमोली नीति आयोग का आकांक्षात्मक ब्लॉक है यहाँ की प्रत्येक ग्राम पंचायत 50 बिन्दुओं से पूर्ण संतृप्त हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को ग्राम कुल एवं इसके महत्व के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे पुस्तकालयों में मोबाइल प्रतिबंधित रहे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत को नशा मुक्त बनाने के लिए चर्चा की और उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत को वाद मुक्त भी बनाया जाए।उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों पर घूरे ना पड़े इससे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवालय, अमृत सरोवर, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र आदि का स्थलों का भी निरीक्षण किया एवं आधारभूत सुविधाओं को देखते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, अपर जिला पंचायतीराज अधिकारी सीपी सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रेम पाल सिंह एवं ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लहरावन विसरू मार्ग पर ओवरलोड डंपरों की वजह से सड़क ध्वस्त, राहगीर परेशान

**बहजोई/संभल (सब का सपना) बबलू:–** जनपद के लहरावन-बिसारू मार्ग पर रेलवे फाटक के पास सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। इसका मुख्य कारण इस मार्ग पर चल रहे ओवरलोड डंपर हैं, जो मिट्टी ढोने के लिए दिन-रात इस रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। इन भारी-भरकम डंपरों के कारण सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, जिससे राहगीरों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ओवरलोड डंपरों की अनियंत्रित आवाजाही ने सड़क को गड्ढों और



उबड़-खाबड़ रास्तों का रूप दे दिया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को इस मार्ग से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई, क्योंकि गड्ढों में पानी भर गया, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस मार्ग पर रेलवे फाटक के पास सड़क की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। प्रशासन से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ये सड़क अब सड़क कम और तालाब ज्यादा लगती है। ओवरलोड डंपरों पर कोई रोक-टोक नहीं है। अगर जल्दी मरम्मत नहीं हुई, तो बड़ा हादसा हो सकता है।" सड़क की बदहाल स्थिति के चलते न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले व्यापारियों और स्कूली बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ओवरलोड डंपरों पर तत्काल रोक लगाई जाए और सड़क की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।

# यूरिया खाद से लदा हुआ ट्रक कीचड़ में पलटने से बचा, क्रेन से कराया गया सीधा

**बहजोई/संभल(सब का सपना):–** यूरिया खाद से लदा हुआ ट्रक कीचड़ में फंस कर तिरछा हो गया। जिसके बाद क्रेन को मौके पर बुलाया गया, क्रेन मशीन की मदद से ट्रक को सीधा कराया गया है। मामला कस्बा बहजोई के चितौरा रोड का है जहां एक ट्रक यूरिया से लदा हुआ कीचड़ में फंस गया और तिरछा हो गया। जिसके बाद क्रेन मशीन को मौके पर बुलाया गया और उसे सीधा करके निकाला गया। गनीमत रही की समय




रहते ड्राइवर ने ट्रक फसने के बाद निकालने की ज्यादा कोशिश ना करके क्रेन को बुला लिया, नहीं तो ट्रक पलटने से हादसा भी हो सकता था। वहां खड़े हुए कुछ लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि ट्रक यूरिया लेकर चंदौसी से बहजोई के लिए आ रहा था लेकिन चितौरा रोड पर ट्रक फस गया। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर चंदौसी से यूरिया लेकर ट्रक सीधे-सीधे बहजोई पहुंच सकता था लेकिन ट्रक का चितौरा रोड पर फसना अपने आप में एक सवाल खड़ा करता है कि आखिर यूरिया लदा ट्रक वहां पर क्यों गया था?

# बैराज से छोड़ा गया 69989 हजार क्यूसेक पानी,तिगरी गंगा का बढ़ा जलस्तर





**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना) कविन्द्र सिंहः–** उत्तराखंड में पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के चलते तिगरी गंगा धाम का जलस्तर दो दिन से लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को भी गंगा जलस्तर में 20 सेमी की वृद्धि होने से खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। क्योंकि अब गंगा का रुख भी खतरे के निशान की तरफ को बढ़ रहा है। दरअसल, बारिश होने के बाद पहाड़ी जलाशयों से पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री सहित उस इलाकों में होने वाली बारिश के बाद पानी हरिद्वार बैराज होते हुए बिजनौर और फिर सीधा तिगरी की गंगा में पहुंचता है। इन दिनों इन क्षेत्रों में बारिश लगातार हो रही है इसलिए पहाड़ी जलाशयों से पानी भी डिस्चार्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को बिजनौर बैराज से 69989 हजार क्यूसेक के अधिक पानी छोड़े जाने पर गंगा के गेज में 20 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार को को गेज 199.95 मीटर था और अब शुक्रवार को 200.15 मीटर पर आ गया है।ऐसी स्थिति में गंगा किनारे पर बसे गांव मंदिर वाली भुड्डी, शीशो वाली, दारानगर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी, आदि गांव के नजदीक पानी पहुचने लगा है। जिससे ग्रामीणों को बाढ़ का डर सताने लगा है।

बाढ़ खंड जेई सुभाष कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के चलते बिजनौर बैराज फूल हो गया है। इसलिए पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

# नालों की सफाई न होने के कारण नाले हुए ओवरफ्लू दुकानों में भरा पानी






**जल भराव की समस्या को लेकर राहगीर परेशान सड़के बनी तलाव, उप जिलाधिकारी ने नहीं किया फोन रिसीव**

**बहजोई/संभल(सब का सपना):–** बरसात के मौसम में लगातार जल भराव की समस्या बढ़ती जा रही है सड़के पूरी तरह से तलाव बन चुकी हैं। जनपद सम्भल के कस्बा बहजोई आगरा मुरादाबाद हाइवे मिनी स्टेडियम के सामने मैन हाइवे पर जल भराव की बढ़ती समस्या से राहगीर तथा आस पास के लोग परेशान हैं अगर थोड़ी सी बरसात हो जाए तो यहां जल भराव की विकट स्थिति पैदा हो जाती है। नाले जो नगर पालिका द्वारा बनवाए गए हैं वह ओवर हो जाते है गंदा पानी नालों से निकल कर सड़क पर भर जाता है जिससे अधिक देर तक गन्दगी और जलभराव की स्थिति बनी रहती है। अगर समय रहते नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई कराई जाए तो राहत मिल सकती है ।आस पास के दुकानदारों का कहना है कि नालों का पानी दुकानों भी भर जाता है और वह लगातार कई दिनो तक दुकानों में भरा रहता है जिससे आवागमन भी ठप हो जाता है। कई कई दिन तक हम लोगों की दुकानें नहीं खुलती साथ ही भयंकर बीमारी का भी खतरा बना रहता है। जब इस पूरे मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी से करनी चाहिए तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# पीएम आवास की पहली किश्त मिलते ही विधवा महिला प्रेमी संग फरार, विभाग में मचा हड़कंप-



**रेभा गांव/अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किश्त मिलते ही एक विधवा महिला के प्रेमी के साथ फरार हो जाने का मामला सामने आया है। यह घटना अमेठी विकास खंड के रेभा गांव की है, जिसने न सिर्फ ग्रामीणों को चौंका दिया है, बल्कि प्रशासन को भी जांच के लिए मजबूर कर दिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम निवासी विधवा महिला की शादी वर्ष 2013 में गांव के ही युवक से हुई थी। लेकिन वर्ष 2023 में युवक की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद महिला को विधवा एवं पात्रता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिया गया। योजना की पहली किस्त के रूप में विभाग ने महिला के खाते में 40,000 की धनराशि स्थानांतरित की थी। किश्त प्राप्त होने के कुछ ही दिनों बाद महिला अपने तीन बच्चों को साथ लेकर गांव छोड़ गई। बताया जा रहा है कि वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। छह महीने बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। महिला के घर पर ताला पड़ा है और पड़ोसी अब केवल अनुमान ही लगा रहे हैं। ग्रामीण के अनुसार, पति की मृत्यु के बाद महिला का एक व्यक्ति से प्रेम संबंध था, जो अक्सर उसके घर आता था। यहां तक कि एक बार ग्रामीणों द्वारा उस व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया था। लेकिन बाद में वह पुनः महिला के संपर्क में आ गया। इस मामले में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बृजेश सिंह ने बताया कि महिला द्वारा आवास योजना की राशि प्राप्त करने के बाद प्रेमी संग भाग जाने की पुष्टि हुई है। इस संबंध में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है तथा महिला को नोटिस जारी किया गया है। बीडीओ ने कहा कि दोषी पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़े कर रही है, जहां पात्र लाभार्थियों की सत्यापन प्रक्रिया को और अधिक सख्त किए जाने की आवश्यकता है।

# 24 घंटे से लापता महिला का मिला शव फॉरेंसिक टीम मैं मौके से उठाए सैंपल



**जामों/अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** जिले के जामों थाना क्षेत्र के पूरबगौरा फत्ते का पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह एक 50 वर्षीय महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान इलायची पत्नी महंगू मंगता के रूप में हुई है, जो गुरुवार देर शाम से लापता थी। शुक्रवार सुबह उसका खून से सना शव गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत में मिला। परिजनों के अनुसार, इलायची गुरुवार को बाजार गई थी लेकिन रात तक घर नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद शुक्रवार सुबह उसका शव खेत में मिला, जबकि उसके चप्पल शव से करीब 100 मीटर दूर पड़े मिले। मिली जानकारी के मुताबिक महिला के गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीओ सहित पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। एसपी ने कहा कि हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश की जा रही है। फॉरेंसिक जांच और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश




**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि कोताही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में पुलिस द्वारा पैदल गश्त करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी



**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया
तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जगदीशपुर/अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव के पास आज तड़के एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सुबह करीब तीन बजे हुआ। सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए रेलवे ट्रैक की ओर गए तो उन्होंने पटरी किनारे एक युवक का शव देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जगदीशपुर कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान नारा अढ़नपुर गांव निवासी सुरजीत कोरी (पुत्र स्वर्गीय दुर्गा दीन कोरी) के रूप में हुई है। युवक की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। परिजनों के पहुंचने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि युवक ट्रेन की चपेट में हादसतन आया या मामला कुछ और है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# मत्स्य पालकों के लिए खुशखबरी, उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** जनपद में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भोजपुर, विकासखंड भादर स्थित मत्स्य बीज विकास निगम की हैचरी से उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे मत्स्य पालक जो तालाबों या अन्य जल स्त्रोतों में मत्स्य पालन की योजना बना रहे हैं, वे सीधे हैचरी से संपर्क कर मत्स्य बीज प्राप्त कर सकते हैं। यह बीज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार किया गया है, जिससे मछलियों की वृद्धि दर बेहतर होती है और उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी संभव होती है।

# कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों का विधायक सुरेश पासी ने किया भव्य स्वागत



**जगदीशपुर/ अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** जनपद के जगदीशपुर क्षेत्र में श्रावण मास के पावन अवसर पर शिवभक्ति का अनूठा उत्साह देखने को मिला। सतेश्वर धाम से डंडेश्वर धाम पहुंचकर जल भरने के बाद शिवभक्त कांवड़ लेकर पुनः सतेश्वर धाम के लिए पैदल यात्रा पर निकले। रानीगंज चौराहे पर इन शिवभक्तों का स्वागत जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी व भाजपा नेता रामहेत वैश्य द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ किया गया। उन्होंने शिवभक्तों को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और केले खिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया। शिवभक्तों का यह जत्था डीजे-बाजे की भक्तिमय धुनों के साथ जयकारा लगाते हुए, पूरे जोश और उल्लास से सतेश्वर धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु कांवड़ लेकर "हर-हर महादेव के नारों से वातावरण को शिवमय कर रहे थे।

# आर डी एच फाउंडेशन (एनजीओ ) परिवार ने आज मेरठ मंडल में गांव- गांव जाकर की सामग्री वितरण



**हापुड़ (सब का सपना):-** आर डी एच फाउंडेशन (एनजीओ ) परिवार ने 57 लोगों की मदद की। हापुड जनपद के तहसील गढ़ के आलमनगर गांव पुओपाई और मेरठ जनपद के गांव दतियावली में जाकर लोगों को आर्थिक मदद दी। जिस में एक गरीब परिवार को घर बनाने के लिए पचास हजार रुपए अनुदान राशि की सहायता दी गई। 6 विधवा महिलाओं, 30 पढ़ने वाले बच्चों, 15 लोगों गरीब परिवारों, 3 बीमार लोगों को, 2 अपंग दिव्यांगों, विधवाओं को ड्ड1100 सौ रुपए नगद राशन के लिए 1500 सौ और 2100 रुपया नगद इलाज के लिए , व छात्र छात्राओं को बैग, छाता, जूते आदि सामान देकर आर्थिक मदद की। इस मौके पर आरडीएच फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि आरडीएच फाउंडेशन एनजीओ पूरे भारतवर्ष कर्जा मुक्ति अभियान चला रही है। आरडीएस फाउंडेशन एनजीओ का मकसद है की किसी भी गरीब को कर्जा ही न लेना पड़े। इस दौरान आर डी एच फाउंडेशन( एनजीओ ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार रतन सिंह चौहान, निर्देशक बरन सिंह, मांगे सिंह , अशोक सिंह,कैलाश सिंह , पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रोहित चौहान, पश्चिम उप उत्तर प्रदेश संजय चौहान , दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज चौहान महिला दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जुली चौहान, दिल्ली प्रदेश सलाहकार कुलदीप चौहान,मेरठ मंडल अध्यक्ष हरि प्रकाश गुप्ता, मेरठ महिला मंडल अध्यक्ष अनीता केवट, मेरठ जिला अध्यक्ष सविता प्रजापति, हापुड़ जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह, उपजिला हापुर अध्यक्ष हरशरण प्रजापति , तहसील अध्यक्ष सरिता देवी , मुरादाबाद अध्यक्ष आलोक चौहान, अमरोहा अध्यक्ष विकास चौहान,गाजियाबाद अध्यक्ष प्रेमचंद चौहान, बागपत अध्यक्ष सुंदरी शर्मा, गजरौला अध्यक्ष विकास चौहान, बाबूगढ़ छावनी अध्यक्ष हरीश सिंह, गांव आलमगर अध्यक्ष राकेश कुमार, बृजघाट अध्यक्ष नरेश चौहान, मौजूद रहे।

# आईटीआई सत्र 2025-26: तृतीय चरण के चयन परिणाम घोषित, 5 अगस्त तक ले सकते हैं प्रवेश


**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश (अलीगंज, लखनऊ) द्वारा संचालित राजकीय एवं निजी आईटीआई संस्थानों में सत्र 2025-26 हेतु तृतीय चरण तथा उच्चीकरण के तहत चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। चयनित अभ्यर्थी अपना चयन परिणाम परिषद की अधिकृत वेबसाइट www.scvtup.in अथवा www.upvesd.gov.in/dte पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश की तिथि 31 जुलाई से 5 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ संबंधित आईटीआई संस्थान में पहुंचकर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश लेकर प्रशिक्षण सत्र का लाभ प्राप्त करें।

# मकोका मामले में दो वर्षों से फरार वांछित महिला गिरफ्तार, कम उम्र में बनी अपराधी, 20 से अधिक केस हैं दर्ज



**नई दिल्ली।** नंद नगरी पुलिस थाने में मकोका के मामले में वांछित महिला आरोपित को पटेल नगर पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान नंद नगरी की मीता के रूप में हुई है। वह पिछले दो वर्षों से फरार थी और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रही थी। वह एक आदतन शराब तस्कर और ड्रग तस्कर है। साथ ही, नंद नगरी थाने की हिस्ट्रीशीटर भी है। वह इससे पहले 20 आपराधिक मामलों में शामिल रही है। कम उम्र से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त उपायुक्त निधिन वालसन के मुताबिक, 31 जुलाई को टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि लगभग दो साल से फरार आरोपित मीता किसी से मिलने डीएमएस बूथ के पास आने वाली है। इसके बाद, घटनास्थल के पास जाल बिछाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपित मीता ने बताया कि वह सांसी समुदाय से है और कम उम्र से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गई थी। उसे पहली बार 1985 में आबकारी अधिनियम के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब से, उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज किए गए हैं। वह एक आदतन शराब तस्कर और नशीली दवाओं की आपूर्तिकर्ता है। वर्ष 2023 में, उसके और उसके साथियों के खिलाफ मकोका का मामला दर्ज किया गया था, जो अवैध शराब और नशीले पदार्थों की संगठित बिक्री में शामिल एक सिंडिकेट चला रहे थे। हालांकि, मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार हो गई और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रही थी।

# दिल्ली को मिलेगा नया सचिवालय, सीएम रेखा गुप्ता ने किया एलान; नए लोकेशन की तलाश शुरू




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को घोषणा की कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक नए सचिवालय के निर्माण के लिए उपयुक्त जगह की पहचान की प्रक्रिया शुरू करेगी ताकि एक ही इमारत में विभिन्न विभागों को समायोजित किया जा सके। उन्होंने कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का दौरा करने के बाद यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इमारत की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई और इस स्थिति को लेकर आप सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "मैं पहली बार इस कार्यालय में आई हूं। यह देखकर दुख होता है कि हमारे अधिकारी इस तरह की इमारत में काम करते हैं। पंखे कभी भी गिर सकते हैं और छत से पानी टपक रहा है।" 2021 में आग लगने के बाद भी मरम्मत नहीं: रेखा गुप्ता दिल्ली की पिछली आप सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि 2021 में इसी इमारत में आग लगी थी, फिर भी कोई मरम्मत नहीं की गई। गुप्ता ने कहा, "उनकी सरकार पढ़ी-लिखी थी। उन्होंने शीश महल बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, लेकिन सरकारी दफ्तरों की हालत सुधारने के लिए कुछ नहीं किया।" आईपी एस्टेट में है दिल्ली सरकार का सचिवालय मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, "आज इस दफ्तर की हालत देखकर मुझे दुख हो रहा है। इस इमारत की हालत सुधारने के लिए उनके पास 2-3 करोड़ रुपये हो सकते थे।" उन्होंने आगे कहा कि आज से ही हम नए सचिवालय के लिए जगह तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे, जहां सभी विभाग स्थित हो सकें। दिल्ली सचिवालय आईपी एस्टेट में इंदिरा गांधी स्टेडियम के पास स्थित है।

# महिला थाना प्रभारी के द्वारा एंटीरोमियो अभियान के अंतर्गत की गई संदिग्धों की चेकिंग




**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गौरीगंज के नेतृत्व में जनपद के महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह ने टीम के साथ कस्बा गौरीगंज में मनीषी इंटर कालेज व इन्दिरा गांधी पीजी कॉलेज के आसपास मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलायकर संदिग्धों की चेकिंग की।

# दिल्ली में फर्जी ट्रेडिंग गिरोह का पदार्फाश, साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल की टीम ने फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफार्म के जरिये देशभर में सैकड़ों लोगों से सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने साइबर गिरोह के चार प्रमुख आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह इंटरनेट मीडिया और फर्जी निवेश वेबसाइटों के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर भारी रकम ठगता था। गिरफ्तार आरोपितों को पंजाब के लुधियाना से दबोचा गया, जिनकी पहचान सनी मिश्रा, कुलदीप कुमार, गौरव और सुमित प्रधान के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से सात मोबाइल फोन और 23 से अधिक जालसाजी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते और भारी मात्रा में डिजिटल और बैंकिंग डेटा बरामद किया गया है। उपायुक्त आदित्य गौतम के मुताबिक, इस कार्रवाई की शुरूआत दिल्ली के एक व्यवसायी की शिकायत से हुई, जिसे फर्जी वेबसाइट के जरिए 48.35 लाख की ठगी का शिकार बनाया गया था। यह शिकायत दिल्ली क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शिकायतकर्ता को सबसे पहले एक महिला ने फेसबुक मैसेंजर पर संपर्क किया, जो बाद में वाट्सएप पर बातचीत कर उसे फर्जी निवेश योजना में फंसाने में सफल रही। जांच के दौरान एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में और निरीक्षक संदीप सिंह की निगरानी में गठित टीम ने डिजिटल सुरागों के आधार पर 16 जुलाई को लुधियाना (पंजाब) में छापा मारकर चारों जालसाजों को गिरफ्तार किया। ऐसे करते थे ठगी पूछताछ में पता चला कि जालसाज फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट बनाकर निवेश का लालच देते थे। ठगी के बाद राशि को आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होने वाले खातों के जरिए इधर-उधर कर निकाल लेते थे। ये खाते ऐसे व्यक्तियों के नाम पर खोले जाते थे जो आर्थिक रूप से कमजोर और डिजिटल धोखाधड़ी की प्रकृति से अनजान थे। सनी मिश्रा के बैंक खाते में शिकायतकर्ता से 6.2 लाख की राशि ट्रांसफर हुई थी। कुलदीप कुमार ने कोटक बैंक में "एपेक्स मार्ट" नामक फर्जी संस्था के खाते के जरिये छह लाख की राशि प्राप्त की। गौरव ने कई फर्जी खाते खुलवाए जबकि सुमित प्रधान, जो एक प्रतिष्ठित बैंक में काम करता है, उसने सत्यापन नियमों को दरकिनार करते हुए खातों की नकद निकासी में मदद की। देशभर में फैला साइबर धोखाधड़ी का नेटवर्क जांच में पता चला कि आरोपित नेटवर्क से जुड़े 30 से अधिक बैंक खाते देशभर के साइबर अपराध मामलों में शामिल हैं।

# रबी सीजन के लिए तोरिया बीज मिनीकिट नि:शुल्क, 15 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** कृषि विभाग द्वारा राज्य सहायतित तिलहन मिनीकिट प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत रबी सीजन 2025-26 में तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च उत्पादन क्षमता वाले प्रमाणित/आधारीय बीज किसानों को राजकीय कृषि बीज भण्डारों से वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 2 किलोग्राम तोरिया बीज का पैकेट किसानों को निःशुल्क दिया जाएगा। इसके लिए केवल कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही पात्र होंगे। पात्र किसानों को बीज वितरण ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से ढडर मशीन के जरिए किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है। किसान https://agridarshan.gov.in वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर आवेदन कर बीज मिनीकिट प्राप्त करें।

# अब इस नाम से जाना जाएगा हिसार का बाड़ा सुलेमान गांव, सीएम सैनी ने किया ऐलान

**हरियाणा :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शहीद उधम सिंह जी के शहीदी दिवस पर उन्हें अद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका बलिदान राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मबलिदान का अप्रतिम उदाहरण है। उधम सिंह ने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। 'जंग-ए-आजादी' के इतिहास में आज भी उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मुख्यमंत्री सैनी वीरवार को सिरसा के गांव संघर सरिस्ता स्थित डेरा बाबा भूम्मण शाह में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहीद उधम सिंह के 85वें शहीदी महासम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने संघर सरिस्ता में उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्होंने गुरु दरबार में लंगर भी ग्रहण किया। इस दौरान डेरा बाबा भूम्मण शाह चैरीटेबल की ओर से रखी गई मांगों को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने कम्बोज समुदाय को कई सौगातें भी दीं। मुख्यमंत्री ने पंचकूला में कम्बोज सभा को प्लॉट देने की घोषणा की व फतेहाबाद, कैथल और जगाधरी में प्लॉट लेने हेतु सभा द्वारा आवेदन



करने उपरांत उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्लॉट प्रदान किया जाएगा। हिसार के गांव बाड़ा सुलेमान का नाम रखा जाएगा उधमपुरा इसके आलावा मुख्यमंत्री ने हिसार के गांव बाड़ा सुलेमान का नाम उधमपुरा करने की भी घोषणा की। बाबा भूम्मण शाह मुख्य धाम की भूमि पर उनके नाम से राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर इसे पूरा किया जाएगा। इसके अलावा घग्गर नदी से रंगोई नाला निकालकर गांव रामपुरा ढाणी से गुजरता हुआ बनाया जाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने इसकी फिजिबिलिटी चैक करवाकर पूरा करवाने की घोषणा की। ओ.बी.सी. वर्ग में क्लास 1 व क्लास-2 श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे ओ.बी.सी. आयोग को अवगत करवाकर लागू करवाया जाएगा। इनके अलावा अन्य मांगों को संबंधित विभागों में फिजिबिलिटी चैक करवाने हेतु भेजा जाएगा। इससे पहले शहीदी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उधम सिंह ने असत्य, अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आज के ही दिन वर्ष 1940 में शहादत पाई। उनकी कुबार्नी ने आजादी के लिए देशवासियों में एक नई जागृति पैदा की। इतिहास इस बात का गवाह है कि उधम सिंह, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद तथा मदन लाल धींगड़ा जैसे अनेक देशभक्तों ने भारत मां की गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए कांटों भरा रास्ता चुना और उस पर चलकर कुर्बानियां देने का इतिहास रचा। 1857 के सेनानियों की स्मृति में अम्बाला में बन रहा युद्ध स्मारक मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते लेकिन उनके प्रति अपनी कृतज्ञता अवश्य जता सकते हैं। इसी उद्देश्य से 1857 के सेनानियों को नमन करने तथा उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए अम्बाला में युद्ध स्मारक का निर्माण करवाया जा रहा है। यह स्मारक नई पीढ़ियों को उन महान सेनानियों जैसी देशभक्ति अपनाने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने उपस्थिति से आह्वान किया कि आजशहीदी दिवस के अवसर पर हम सभी राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा तथा राष्ट्र व प्रदेश के नवनिर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। शहीदों के बताए मार्ग पर चलें युवाः बाबा ब्रह्मदास शहीदी महासम्मेलन में डेरा बाबा भूम्मणशाह के गद्दीनशीन बाबा ब्रहमदास ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों से प्रेरणा ले, अच्छेसस्कार अपनाएं और सच्चे देशभक्त बनकर राष्ट्र की सेवा करें व उनके बताए मार्ग पर चलें। जिस प्रकार शहीदों ने हमें स्वतंत्रता की खुली हवा में सांस लेने का अवसर दिया उसी प्रकार हमें भी देश की रक्षा और प्रगति में अपना योगदान देना होगा। बाबा ब्रह्मदास ने नशे के खिलाफ आवाज उठाते हुए उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सब मिलकर इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करेंगे। जब तक नशा समाप्त नहीं होगा, तब तक हमारा प्रयास जारी रहेगा। जर्मनी के सांसद राहुल ने जर्मन भाषा में दिया वक्तव्य को जर्मनी के सांसद राहुल कंबोज ने जर्मन भाषा में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी निरंतर कार्य कर रहे हैं और वे मुख्यमंत्री जर्मनी आने का न्यौता दे रहे हैं। जर्मनी में भी भारतीय समाज उनका इंतजार कर रहा है। वे मुख्यमंत्री को जर्मनी लेकर जाएंगे। युवाओं को भी शहीद उधम सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा नशे से दूर रहें।

## दीवार पर चढ़कर स्कूल पहुंच रहे स्टूडेंट्स बारिश के कारण स्कूल के सामने जमा हुआ पानी



**टोहाना :** टोहाना शहर के रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी में बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे हैं। बारिश होने पर स्कूल के सामने पानी जमा हो जाता है। इससे बचने के लिए बच्चों को स्कूल की दीवार पर चढ़कर और पिलर से फिसलकर नीचे उतरना पड़ता है। इस दौरान कभी भी दुर्घटना हो सकती है। लगभग 15 दिन पहले भी बारिश के दिन बच्चे पानी से बचने के लिए इसी तरह स्कूल पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने अब तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य राजू ने बताया कि बारिश के दिनों में स्कूल के बाहर जमा पानी से बचने के लिए बच्चों को दीवारों पर चढ़कर स्कूल आना पड़ता है। हर बारिश के मौसम से पहले प्रशासन से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई जाती है,

## अमित शर्मा निर्विरोध पटौदी, जाटोली मंडी परिषद के वाइस चेयरमैन बने

**पटौदी ।** नवगठित पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद के पहले वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर राजनीतिक उठा पटक पर शुक्रवार को वीराम लग गया । आरंभ से ही इस पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे वार्ड नंबर 6 के पार्षद अमित शर्मा निर्विरोध रूप से पटौदी जाटोली मंडी परिषद के पहले वाइस चेयरमैन चुन लिए गए। अमित शर्मा के मुकाबले में परिषद के 22 में से अन्य किसी भी पार्षद के द्वारा अपना नामांकन दाखिल नहीं किया गया। चुनाव अधिकारी पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच की मौजूदगी में पटौदी की विधायक विमला चौधरी और परिषद के अध्यक्ष प्रवीण ठाकरिया सहित सभी पार्षदों ने हाथ उठाकर अमित शर्मा का समर्थन किया। इसके साथ ही चुनाव अधिकारी पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच के द्वारा नवनिर्वाचित वाइस चेयरमैन अमित शर्मा के नाम की घोषणा की गई। पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधन और व्यवस्था के बीच पटौदी जाटोली मंडी परिषद के हेली मंडी इलाके में परिषद कार्यालय में आने वाले सभी पार्षदों और सदस्यों की गहनता से जांच के बाद ही मुख्य परिसर में प्रवेश करने दिया गया। महिला पार्षद एक साथ अलग समूह में पहुंची । इसी प्रकार से अमित शर्मा अपने समर्थक पार्षदों के साथ पहुंचे। इसी कड़ी में अन्य पार्षद भी एक अलग ही ग्रुप के अंदर मुख्य परिसर में पहुंचे। एक दिन पहले तक भाजपा के चुनाव चिन्ह पर विजेता पार्षद अपने ही बीच से किसी अन्य पार्षद विशेष रूप से महिला पार्षद उषा देवी और नीरू शर्मा को वाइस चेयरमैन बनाए जाने के लिए भाजपा संगठन पदाधिकारी तथा विधायक के समक्ष जोरदार पैरवी करते दिखाई दिए। लेकिन इस प्रकार की पार्टी कैडर या पार्टी संगठन की पैरवी संगठन के वरिष्ठ नेताओं की नसीहत के बाद नाकाम ही साबित हुई। पटौदी जाटोली मंडी परिषद के पहले वाइस चेयरमैन के चुनाव के लिए हाउस में निर्वाचित पार्षदों में रवि चौहान, किशन कुमार, राकेश कुमार बबल, अमित शर्मा, आनंद भूषण गोयल, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार, राधेश्याम मक्कड़, इकरार, मुनफेद अली, चंद्रभान सहगल, हरिचंद और अनिल कुमार बोहरा मौजूद रहे। इसी कड़ी में पटौदी जाटोली मंडी परिषद की चुनी गई महिला पार्षदों में श्रीमती मनोज कुमारी, श्रीमती पिंकी, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती पिंकी, श्रीमती रेखा, श्रीमती गुलनाज, श्रीमती सुमन और श्रीमती आरती यादव भी हाउस में वाइस चेयरमैन के चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मौजूद रही। वाइस चेयरमैन का चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने से पहले पटौदी जाटोली मंडी परिषद के मनोनीत पार्षद पवन खानपुर, जर्मन सैनी और श्रीमती पूजा गर्ग को निर्वाचन अधिकारी एसडीएम पटौदी दिनेश लुहाच के द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

# कैथल में रिटायर्ड पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या, स्कूटी पर सवार होकर निकले थे घर से

**कैथल :** कैथल शहर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। यह दुखद घटना गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे करनाल रोड स्थित रेलवे फाटक पर हुई। मृतक की पहचान हुड्डा सेक्टर-18 निवासी कृष्ण दहिया (उम्र लगभग 65 वर्ष) के रूप में हुई है, जो हरियाणा पुलिस से बतौर कर्मचारी रिटायर हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस और जीआरपी (रेलवे पुलिस) की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण दहिया गुरुवार सुबह अपनी सफेद रंग की स्कूटी पर सवार होकर घर से निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार वह सीधे करनाल रोड पर स्थित रेलवे फाटक की ओर गए और सुबह 6 बजे के आसपास आने वाली ट्रेन के आगे कूद गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों से बातचीत कर घटना स्थिति की गहराई से जांच की जा रही है। कृष्ण दहिया के करीबी लोगों से भी पुलिस जानकारी जुटा रही है कि क्या वह किसी मानसिक तनाव या पारिवारिक परेशानी से जूझ रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार कृष्ण दहिया एक शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और सामाजिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे। उनकी इस तरह अचानक मौत से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि रेलवे फाटकों और ट्रैक के पास ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी होने पर परिवार या दोस्तों से साझा करें और जीवन से हार न मानें।

## सरकारी अस्पतालों में हीमोफीलिया के टीकों की कमी पर HC सख्त, सरकार से मांगा जवाब

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में हीमोफीलिया जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे 900 से अधिक मरीजों को सरकारी अस्पतालों में जरूरी इंजैक्शन तक नहीं मिल पा रहे हैं। इस स्थिति को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार को 10 दिन के भीतर उचित कदम उठाकर जवाब दायर करने का आदेश दिया। वीरवार को सुनवाई दौरान याची के वकील ने इस मामले में कोर्ट के नोटिस के बाद भी कोई उचित कार्रवाई न होने की कोर्ट को जानकारी दी। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने इस पर सरकार को 10 दिन के भीतर उचित कदम उठाकर जवाब दायर करने का आदेश दिया। याचिका में पलवल निवासी विकास शर्मा ने हाईकोर्ट को बताया कि इस रोग के मरीजों को मुफ्त




इलाज देने के लिए सरकार नीति भी लेकर आई थी। मरीज को एक इंजैक्शन लगाना पड़ता है जो एंटी हीमोफीलिया डोज होती है। बाजार में इसकी कीमत करीब 12 हजार रुपए है। राज्य के अधिकतर जिला अस्पतालों में यह इंजैक्शन उपलब्ध ही नहीं है। याचिका में सरकार पर मुफ्त इलाज की जिम्मेदारी से भागने का आरोप लगाया गया है। कोर्ट से अपील की गई कि इस गंभीर मुद्दे पर राज्य को ध्यान देने के लिए उचित आदेश जारी किए जाए।

# हरियाणा में ग्रुप-डी की जॉब के लिए होगा CET, एक महीने के अंदर हो सकता है एग्जाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अब चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरियों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) का आयोजन कराने की तैयारियों में जुट गया है। आयोग की कोशिश अगले एक माह में यह परीक्षा करा लेने की है। तृतीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा में 13.48 लाख अभ्यर्थियों में से 12.25 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। सीईटी की सफलतापूर्वक हुई इस परीक्षा की वजह से पूरे देश में हरियाणा सरकार और राज्य कर्मचारी चयन आयोग की धाक जमी है। किसी भी जिले से परीक्षा में व्यवधान अथवा नकल व पेपर लीक माफिया की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। सीईटी परीक्षा की खास बात यह रही कि हर जिले में यातायात व्यवस्था सुगम रही तथा लोगों में बच्चों की सेवा करने का पूरा भाव नजर आया। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अब



सीईटी की परीक्षा संपन्न होने के बाद एक गूगल सर्वे कराने का निर्णय लिया है, जिसमें पूछा जा रहा है कि आयोग व सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं तथा परीक्षा शैली से अभ्यर्थी कितने संतुष्ट हैं। अभ्यर्थियों की ओर से प्राप्त होने वाले सुझावों को चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों के लिए होने वाली सीईटी की परीक्षा में लागू किया जाएगा, साथ ही भविष्य में बेहतर पारदर्शी व अभ्यर्थी केंद्रित परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर इस सर्वे के लिए एक लिंक भी साझा किया है। करीब तीन साल पहले तृतीय श्रेणी की भर्तियों के लिए हुई सीईटी की परीक्षा में 11.50 लाख अभ्यर्थी बैठे थे, जबकि चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों के लिए हुई सीईटी की परीक्षा में 8.50 लाख अभ्यर्थी बैठे थे। चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में 10वीं पास तक विद्यार्थी शामिल होते हैं।

> हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरियों के लिए सीईटी परीक्षा कराने की तैयारी में है। तृतीय श्रेणी की परीक्षा में 12.25 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे जिसकी सफलता से आयोग उत्साहित है। आयोग ने गूगल सर्वे के माध्यम से अभ्यर्थियों से सुझाव मांगे हैं जिन्हें अगली परीक्षा में लागू किया जाएगा। चेयरमैन ने रोल नंबर गलत भरने वाले अभ्यर्थियों को भी राहत दी है।

कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सीईटी की परीक्षा दे चुके कुछ अभ्यर्थियों की शंकाओं का भी समाधान किया है। हिम्मत सिंह ने कहा कि हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने अपने रोल नंबर अथवा बुकलेट नंबर गलत भर दिए हैं। ऐसे में किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। कर्मचारी चयन आयोग हर अभ्यर्थी के साथ है और हमारी कोशिश होगी कि इसकी वजह से किसी भी अभ्यर्थी का नुकसान नहीं होगा। किसी भी जिले से परीक्षा में व्यवधान अथवा नकल व पेपर लीक माफिया की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। सीईटी परीक्षा की खास बात यह रही कि हर जिले में यातायात व्यवस्था सुगम रही तथा लोगों में बच्चों की सेवा करने का पूरा भाव नजर आया। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अब सीईटी की परीक्षा संपन्न होने के बाद एक गूगल सर्वे कराने का निर्णय लिया है, जिसमें पूछा जा रहा है कि आयोग व सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं तथा परीक्षा शैली से अभ्यर्थी कितने संतुष्ट हैं।

## 2 दिन में 3 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने दिया एच.टैट का पेपर




**भिवानी :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने अध्यापक पात्रता परीक्षा की आंसर-की परीक्षा के तीसरे व अंतिम चरण की समाप्ति के 5 मिनट में ही बोर्ड की वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दी। परीक्षाओं के तीनों चरण में कोई भी अनियमितता नहीं मिलने के बाद बोर्ड अधिकारियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार व सचिव डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा में अबकी बार भावी अध्यापकों ने काफी रुचि दिखाई। 2 दिन में 4,05,380 परीक्षार्थियों में से 3,33,539 ने परीक्षा दी जिनकी हाजिरी 81.5 प्रतिशत रही। बुधवार को आयोजित पी.जी.टी. लैवल 3 परीक्षा में 1,20,934 परीक्षार्थियों में से 1,00,559 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शुक्रवार को आयोजित टी.जी.टी. लैवल-2 परीक्षा में 2,01,518 परीक्षार्थियों में से 1,00,067 हजार के लगभग परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं अंतिम चरण की पी.आर.टी. लैवल-1 की परीक्षा में 82,917 परीक्षार्थियों में से 66,000 हजार ने परीक्षा दी जिनकी हाजिरी 80 प्रतिशत के लगभग रही। इस बारे में बोर्ड चेयरमैन व सचिव ने बताया कि इन परीक्षाओं का परिणाम अगस्त के तीसरे सप्ताह में घोषित कर दिया जाएगा।

## हरियाणावासी अगले 4 दिन रहें सावधान होगी भारी बारिश, आई एम डी ने जारी किया अलर्ट



**हरियाणा :** हरियाणा में आज मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग ने 5 जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है जिनमें सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और चरखी दादरी शामिल हैं। फतेहाबाद के जाखल में बारिश हो रही है। वहीं कई जिलों में बूंदाबांदी जारी है। बाकी 15 जिलों में भी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने अगले 4 दिनों तक सूबे में बारिश होने का अनुमान जताया है। बता दें कि बीते दिन कई जिलों में बारिश हुई। कई जगह सड़कें जलमग्न हो गई। इस बारिश के कारण कारें डूब गई। इसके साथ ही फतेहाबाद की बीघड़ रोड पर करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई, वहीं नूंह में सरकारी दफ्तरों और महिला थाने में पानी भर गया। बहादुरगढ़ में गुरूवार सुबह और रात में हुई बरसात ने आम आदमी के लिए मुसीबतें पैदा कर। शहर में जगह जगह जलभराव ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। प्रदेश में अब तक सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। 31 जुलाई तक औसतन 203.8 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 245.1 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन भी बारिश की संभावना जताई है। कई जिलों में अलर्ट भी जारी किया है। मौसम के बदलाव से हरियाणावासियों को गर्मी से राहत मिली है।

## जेल में बंद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का 35वां बर्थडे आज, पाक के लिए जासूसी का आरोप



**हिसार :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का आज जेल में ही जन्मदिन मनेगा। आज ज्योति मल्होत्रा का 35वां जन्मदिन है। ज्योति से उसके जन्मदिन पर मिलने पिता हरीश मल्होत्रा जेल में जा सकते हैं। वहीं ज्योति पिछले साल अपने जन्मदिन से पहले अप्रैल में पाकिस्तान गई थी। इसके बाद ज्योति ने सितंबर में थाईलैंड के पटाया शहर की जर्नी की थी। आपरेशन सिंदूर के बाद ज्योति पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप लगे थे। जिस वजह से वह 17 मई से जेल में बंद है। उसे 15 अगस्त को पूरे 90 दिन जेल में हो जाएंगे। ज्योति के वकील कुमार मुकेश का कहना है कि अगर पुलिस 90 दिन के अंदर चार्जशीट पेश नहीं कर पाती है तो वह ज्योति की डिफॉल्ट बेल की एप्लिकेशन लगाएंगे। यह बेल तब लगती है। जब पुलिस आरोपी के खिलाफ कोई सबूत कोर्ट में नहीं दे पाती। ज्योति पर जो धाराएं लगी हैं। उनमें 7 साल से अधिक की सजा का प्रावधान है। ऐसे में पुलिस को जांच कर चालान पेश करने के लिए 90 दिन का समय मिला है। 7 साल से कम सजा में चार्जशीट के लिए 60 दिन का समय मिलता है। वहीं ज्योति मल्होत्रा केस की जांच और चालान को लेकर हिसार पुलिस के आईओ से लेकर शीर्ष अधिकारी तक कुछ कहने से कतरा रहे हैं। उधर हिसार की सेंट्रल जेल टू के सुपरिंटेंडेंट रमेश कुमार का कहना है कि जेल में सजायाफ्ता या विचाराधीन बंदी के जन्मदिन मनाने का कोई प्रावधान नहीं है।

## कलयुगी बेटे ने ली पिता की जान, वजह कर देगी हैरान



**पलवल :** पलवल के उपमंडल हथीन के मलोखड़ा गांव में पिता-पुत्र के रिश्ते को तार-तार करने का मामला सामने आया है, जहां घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक कलयुगी बेटे ने ही अपने पिता की कैंची मारकर निर्मम हत्या कर दी। हथीन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी व आरोपी की मां के बयान पर आरोपी पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के शव का जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। बेवजह लड़ाई करता है आरोपी अनीश मामले की जानकारी देते हुए गांव के सरपंच हामिद ने बताया कि मृतक अयूब की पत्नी हंसीरा ने पुलिस को दिए बयान में लिखवाया है कि उनका बड़ा बेटा अनीश बेवजह अपने पिता और पूरे परिवार से झगड़ा करता था। सुबह पांच बजे जब पूरा परिवार जाग गया, तो उनके पति अय्यूब ने बच्चों से पशुओं को चारा डालने के लिए कहा। बेटियों ने तुरंत चारा डाल दिया। इसी दौरान अचानक अनीश ने अपने पिता अय्यूब के साथ लड़ाई-झगड़ा शुरू कर दिया।

# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाज हुए फ्लॉप, जैक क्रॉली और बेन डकेट ने भारतीय बॉलर्स की बजाई बैंड

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच द ओवल में पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं द ओवल टेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय टीम 224 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने भारतीय गेंदबाजों की बैंड बजा दी है।

जैक क्रॉली और बेन डकेट ने आते ही भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 7 ओवर में ही टीम का स्कोर फिफ्टी के पार पहुंचा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम के माथे पर एक कलंक भी लगाया है।

टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ किसी सलामी जोड़ी ने सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी का रिकॉर्ड अब सयुंक्त रूप से जैक क्रॉल और बेन डकेट के नाम हो गया है। दोनों टेस्ट में अब तक 8 बार ये कारनामा कर चुके हैं।

इससे पहले वेस्टइंडीज की ओपनिंग जोड़ी गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स ने भीये कारनामा किया था। इस लिस्ट में इंग्लैंड के एलेस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की ओपनिंग जोड़ी भी है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर, बिल लॉरी और बॉब सिम्पसन भी पहले विकेट के लिए 7-7 बार अर्धशतकीय साझेदारी कर चुके हैं।



# मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में विराट-धोनी और रोहित शर्मा के साथ दिखेंगे लियोनेल मेसी



**मुंबई (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया का बादशाह और अर्जेंटीना के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान लियोनेल मेसी 14 साल लंबे अंतराल के बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। 13 से 15 दिसंबर के बीच अपने तीन दिन के भारत दौरे पर मेसी कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मेसी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेसी भारत के स्टार क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट खेलते नजर आएंगे।

14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले क्रिकेट मैच में मेसी के साथ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। सात-साथ खिलाड़ियों वाली टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दर्शकों मेसी की ड्रिब्लिंग की जगह क्रिकेट का कलास देखने का मौका मिलेगा। ये भारतीय क्रिकेट और फुटबॉल फैंस के लिए एक अनोखा नजारा होगा।

एमसीए के एक अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, मेसी 14 दिसंबर को वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। संभावना है कि व पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों के साथ एक क्रिकेट मैच भी खेलेंगे। आयोजक जल्द ही सभी औपचारिकताओं के फाइनल होने के बाद पूरा शेड्यूल जारी करेंगे। मेसी इससे पहले साल 2011 में भारत आए थे। उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था। 14 सालबाद मेसी भारत आ रहे हैं तो उनके फैंस बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे हैं।

# शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, दलीप ट्रॉफी में इस टीम की करेंगे कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई।

टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी को जगह दी गई है। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है।

मुंबई क्रिकेट संघ के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक विस्तृत सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल शामिल हैं। टूर्नामेंट 28 अगस्त को दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा। सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम चार सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फाइनल 11 सितंबर से खेला जाएगा। सभी मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर होंगे।

**पश्चिम क्षेत्र की टीम इस प्रकार है**

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हार्विक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवले, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और अरजान नागवासवाला।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 14 रनों से हराया

**लॉडरहिल, (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने एक ओवर में तीन विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने शानदार वापसी करके वेस्टइंडीज को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैम अयूब के 38 गेंदों पर 57 रन की बदौलत छह विकेट पर 178 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में अच्छी शुरुआत से बावजूद सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा टी-20 मैच शनिवार और रविवार को लॉडरहिल में ही खेले जाएंगे।



सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (35) और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्य कर रहे 18 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू (35) ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करते वेस्टइंडीज को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन अपने पहले तीन ओवरों में 20 रन देने वाले नवाज ने नाटकीय ढंग से मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 12वें ओवर की शुरुआत में एंड्रयू को आउट किया और फिर चौथी तथा पांचवीं गेंद पर चार्ल्स और गुडाकेश मोती (00) के विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया।

कप्तान शाई होप (02) ने अगले ओवर में अयूब की फुल गेंद पर कैच थमा दिया। इस तरह से वेस्टइंडीज ने पांच रन पर चार विकेट गंवा दिए। नवाज ने 23 रन देकर तीन जबकि अयूब ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। जेसन होल्डर (12 गेंदों पर नाबाद 30 रन) ने चार छक्के लगाए और शमर जोसेफ ने 12 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पाकिस्तान की ओर से नवाज के अलावा अयूब ने दो विकेट लिए। वहीं, शाहीन अफरीदी और सूफियान मुकीम को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले पाकिस्तान के लिए अयूब के अलावा शाहिबजादा फरहान ने 14 रन, फखर जमां ने 28 रन और हसन नवाज ने 24 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा मोहम्मद नवाज ने नौ रन, कप्तान सलमान आगा ने 11 रन और फहीम अशरफ ने 16 रन बनाए। मोहम्मद हारिस छह रन और कप्तान आगा नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिए, जबकि होल्डर, अकील हुसैन और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला।

# इंग्लैंड को लगा झटका, क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** अनुभवी इंग्लिश ऑलराउंडर क्रिस वोक्स केनिंग्टन ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस अनुभवी क्रिकेटर को पहले दिन कंधे में गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण वह बाकी टेस्ट मैच से बाहर हो गए। वोक्स ओवल टेस्ट के पहले दिन तीसरे सत्र के दौरान चोटिल हुए। गेंद को बाउंड्री लाइन से बाहर जाने से रोकने की कोशिश करते हुए, क्रिस वोक्स अपनी बाईं कोहनी पर गिरकर घायल हो गए। गेंद इतनी जोरदार लगी कि उनके बाएं कंधे में गंभीर चोट लग गई, जिसके बाद इंग्लिश टीम के फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।



इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, वोक्स पांचवें टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे और श्रृंखला के अंत में उनकी चोट का आकलन किया जाएगा। वोक्स का भारत के खिलाफ गेंदबाजी में प्रदर्शन बेहद खराब रहा, उन्होंने 9 पारियों में 98 के औसत स्ट्राइक रेट से 11 विकेट लिए। बल्ले से भी उनका प्रदर्शन उतना ही निराशाजनक रहा, उन्होंने 6 पारियों में 10.67 की बेहद खराब औसत से 64 रन बनाए।

ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच की बात करें तो वोक्स ने 14 ओवरों में मामूली सफलता हासिल की और भारत के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज केएल राहुल का बेशकीमती विकेट लिया जबकि उन्होंने 3.29 की इकॉनमी से 46 रन दिए। वोक्स पिछले कुछ वर्षों से इंग्लिश टेस्ट टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। 61 टेस्ट मैचों में इस अनुभवी क्रिकेटर ने 191 विकेट लिए हैं और बल्ले से 2034 रन भी बनाए हैं। हालांकि 36 साल की उम्र को देखते हुए कंधे की यह गंभीर चोट उनके प्रभावशाली टेस्ट करियर पर विराम लगा सकती है।

# कैंसर से पीड़ित थे डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क

सेन डियागो (एजेंसी)। डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर हल्क होगन की मौत दिल के दौरे से नहीं बल्कि कैंसर से हुई थी। वहीं पहले कहा गया था कि इस पहलवान की मौत दिल के दौरे से हुई है पर अब जांच रिपोर्ट से साफ हो गया है कि हल्क लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। इस रिपोर्ट के अनुसार 71 साल के हल्क को दिल की धड़कन में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा था पर इसके साथ ही वह सीएलएल कैंसर से भी पीड़ित थे। यह एक प्रकार का कैंसर है जो सफेद रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। होगन ने अपनी बीमारी की बात को इसलिए छुपाया था जिससे कि वह तरह फिट दिखें। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी साल मई में हुई गर्दन की सर्जरी के बाद उनकी हालत और भी ज़्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें दिल की समस्या हुई और उनकी मौत हो गयी। होगन की कैंसर की बीमारी का पता चलने पर उनके प्रशंसक हैरान हैं। डब्यलूडब्यलूई ने अपने तीनों शोज में उन्हें श्रद्धांजलि दी। होगन के सम्मान में 10 बेल सेल्यूट का आयोजन किया गया और इस दौरान कई सुपरस्टार्स बेहद दुखी थे। गौरतलब है कि डब्ल्यूडब्लयूई और पेशेवर कुश्ती को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हल्क की अहम भूमिका रही है।



# नये लुक में नजर आये धोनी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपनी हेयर स्टाइल के कारण हमेशा ही सबके आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। वह अपनी हेयर स्टाइल में लगातार बदलाव करते रहते हैं। शुरुआत में वह लंबे बालों के लिए जाने जाते थे। वहीं इसके बाद उन्होंने बालों को छोटा कर दिया। वहीं अब वह एक नये हेयरकट के साथ ही नये लुक में नजर आ रहे हैं। इसमें 44 साल की उम्र के बाद भी वह युवा और स्टाइलिश दिख रहे हैं। नई तस्वीरों में स्पाइक हेयर में धोनी ने लाइट बीयर्ड लुक ट्राई किया है। इस दौरान वह काले रंग की टी शर्ट और आंखों में चश्मा लगाए थे। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कई लोगों ने इससे लाइक किया है। धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने भी इस पर कमेंट करते हुए लिखा कि आप बहुत यंग लग रहे हैं। तो एक अन्य यूजर ने लिखा कि धोनी सुपरस्टार हैं। धोनी अपनी हेयर स्टाइल से कभी भी समझौता नहीं करते, चाहे आईपीएल का कोई नया सत्र हो या कोई और इवेंट हो, धोनी हर बार एक नई हेयर स्टाइल में नजर आते हैं। अपने करियर की शुरुआती दौर में उन्होंने लंबे बाल रखे थे। इसके बाद उन्होंने अपने बालों को गोल्डन कलर करवाया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद धोनी ने अपने बाल दान किए थे और वह गंजे हो गए थे। कभी धोनी छोटे तो कभी लंबे बालों में नजर आये। उनका हर एक लुक प्रशंसकों को खूब पसंद आता है। धोनी आईपीएल 2025 खेलने के बाद से आजकल अपने परिवसर के साथ समय बिता रहे हैं।

# हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**बुलावायो (एजेंसी)।** मैट हेनरी (कुल नौ विकेट) और मिचेल सैंटनर (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में कल के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में विलियम ओरूक ने निक वेल्च (चार) और विनसेंट मसेकेसा (दो) को आउटकर जिम्बाब्वे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन इसके शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई।



मिचेल सैंटनर ने शॉन विलियम्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। शॉन विलियम्स ने 66 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैट हेनरी ने क्रेग इरविन (53 गेंदों में 22 रन) और सिकंदर रजा (पांच) को अपना शिकार बना लिया। न्यूमैन न्यामहुरी (एक), ब्लेसिंग मुजारबानी (19) और टी तिसगा (27) को आउटकर जिम्बाब्वे को 67.1 ओवर में 165 के स्कोर पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिए। विलियम ओरूर्क और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने महज एक ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाकर मुकाबला 9 विकेट से अपना नाम कर लिया। मैट हेनरी को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। इससे पहले जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन के स्कोर पर ढेर हो गई थी। मैट हेनरी ने छह और नेथन स्मिथ ने तीन विकेट लिये थे। वहीं न्यूजीलैंड ने पहली पारी में डेवोन कॉन्वे (88) और डैरिल मिचेल (80) की शानदार पारियों की मदद से 307 रनों का स्कोर खड़ा कर 158 रनों की बढ़त ले ली थी।

# खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, एआईएफएफ ने की घोषणा



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम का इंतजार खत्म हुआ.. और भारतीय फुटबॉल फेडरेशन ने टीम के नए कोच का ऐलान कर दिया है। दरअसल, कुवैत में जन्में खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच बनाया गया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका ऐलान खुद किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था। बता दें कि, 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे। महान स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमीन स्पेन के मनोलो मार्केज का स्थान लेंगे, जिन्होंने भारत के हालिया संघर्षों के बाद पिछले महीने एआईएफएफ से नाता तोड़ लिया था। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में सेवा देने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जिन्होंने 2011 से 2012 तक ये पद संभाला था। वहीं खालिद जमील के लिए अपनी नई भूमिका में पहली चुनौती मध्य एशियाई फुटबॉल संघ नेशंस कप है। ये टूर्नामेंट 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय टेबल टेनिस टीमों ने 2026 लंदन डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली/इंदौर (एजेंसी)।** भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने लंदन में होने वाली प्रतिष्ठित 2026 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने काठमांडू में आयोजित 2025 दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

एशियाई क्षेत्र से प्रत्येक वर्ग में केवल 16 कोटा स्थान उपलब्ध थे, जिसमें चार क्षेत्रीय चैंपियन (मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया) सीधे डब्ल्यूटीटीसी के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारतीय टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता साबित की।

पुरुष टीम, जिसमें आकाश पाल, रोनित भंजा, अनिर्बान घोष, पी.बी. अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव शामिल थे, पांच देशों के राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में अपराजित रही। उन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को एक समान 3-0 के स्कोर से हराया, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म और रणनीति को दर्शाता है।

इसी तरह, क्रितविका सिन्हा, सेलेनेदीप्ति सेल्वाकुमार, तनीशा कोटेचा, सायली वानी और सिंडरेला दास की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हीं चार प्रतिद्वंद्वी टीमों को 3-0 से मात दी। उन्होंने क्वालिफिकेशन के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया।

टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को रोटेट करते हुए उभरती हुई प्रतिभाओं को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी दिया, जिससे टीम की बेंच स्ट्रेंथ और डब्ल्यूटीटीसी के लिए उनकी तैयारी का पता चलता है। लंदन 2026 में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए भारत का समय से पहले क्वालिफाई करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह न केवल क्षेत्रीय वर्चस्व को दिखाता है, बल्कि इस बड़े इवेंट के लिए तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करता है, जहाँ वैश्विक रैंकिंग, ओलंपिक के निहितार्थ और राष्ट्रीय गौरव दांव पर होंगे।

# करुण सबसे लंबे समय के बाद अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

सिडनी । ओवल (ईएमएस)। आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला आंखिर चल ही गया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैचों में विफल रहे करुण ने मेजबान टीम के खिलाफ यहां जारी अंतिम अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दबाव के बीच ही नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को संभाला। जब टीम के अन्य बल्लेबाज विफल हो रहे थे तो करुण ने एक छोर संभाले रखा और अपने पचास रन पूरे किये। करुण ने इस प्रकार 3149 दिनों के बाद 50 रन बनाये हैं। इससे पहले दिसंबर 2016 में उन्होंने अर्धशतक लगाया था। ये टेस्ट मैचों में दो अर्धशतकों के बीच दूसरा सबसे लंबा अंतराल है। वहीं भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दो टेस्ट अर्धशतकों के बीच सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटकीपर पार्थिव पटेल के नाम है। पार्थिव ने चौथा अर्धशतक साल अक्टूबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 और पांचवां अर्धशतक नवंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 67 के बीच सबसे लंबा अंतराल, 4426 दिन का है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक वह करुण ने जहां 52 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम अपनी अपनी पारी में 6 विकेट पर 204 रन बनाने में सफल रही। करुण ने अपनी करियर की शुरुआत में भी इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक 303 रन बनाये थे। इसके बाद वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण टीम से बाहर हो गये थे। करुण इस सीरीज के शुरुआती तीन मैच में असफल रहे जबकि चौथे मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था।



# बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : भारत के सहायक कोच

**लंदन (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया।

पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की।' डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।'

ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों।'

उन्होंने कहा, 'उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं, उन्होंने पूरी टीम को प्रशिक्षित किया है, लेकिन जब उन्हें टीम से बाहर रखा जाता है तो वे निराश होते हैं।'





# जैस्मिन संग शादी के सवाल पर अली गोनी का रिएक्शन



अली गोनी और जैस्मिन भसीन फैंस की चहेती जोड़ियों में शामिल हैं। कपल काफी वक्त से रिलेशनशिप में हैं। इनके फैंस चाहते हैं कि दोनों जल्द शादी कर लें। मगर, हाल ही में जब अली गोनी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी उनका कोई प्लान नहीं है। आगे कहा कि उन्होंने सबकुछ ऊपर वाले की मर्जी पर छोड़ रखा है।

### बिग बॉस 14 के बाद शुरू की डेटिंग

अली गोनी से हाल ही में एक इंटरव्यू में जैस्मिन के साथ शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा। बता दें कि अली और जैस्मिन ने बिग बॉस सीजन 14 में आने के बाद डेटिंग शुरू की। सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीरें खूब वायरल होती हैं।

बोले- जब भगवान चाहेंगे तब होगी शादी

शादी की प्लानिंग के सवाल पर अली गोनी ने जूम से बात करते हुए मजाक में कहा, शादी का इंटरव्यू मैं आपको नए घर में दूंगा। एक्टर से जब शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। जब अली से पूछा गया कि क्या वह शादी में देरी कर रहे हैं या जैस्मीन? तो अली ने कहा, कोई भी नहीं, भगवान देरी कर रहा है। किसकी दुआएं हैं (हंसते हुए)। भगवान की मर्जी, जब वो चाहेंगे तब होगा।

### लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रहे अली

एक्टर ने आगे कहा हम बिल्कुल अल्लाह पे रखते हैं हर चीज। कोई प्लान नहीं है। कुछ नहीं सोचा है। मैं हर चीज में बोलता हूं इंशाअल्लाह। बता दें कि फिलहाल अली गोनी, कुकिंग रियलिटी शो लाफ्टर शेफ सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। यह शो इसी वीकएंड खत्म होने वाला है। हर कोई यह देखने के लिए उत्साहित है कि विनर कौन होगा? जैस्मीन भसीन पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काफी शानदार काम कर रही हैं।



# मुझे कभी अहसास नहीं हुआ कि मैं आउट साइडर हूं

अभिनेत्री और निर्माता श्वेता त्रिपाठी ने अपनी नई प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के पीछे की प्रेरणा और फिल्म इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को साझा किया। श्वेता ने बताया कि उन्होंने हमेशा इंडस्ट्री में अपनापन महसूस किया और अब वह दूसरों को मौका देना चाहती हैं। श्वेता ने बताया कि उन्हें यह कभी नहीं लगा कि वह इंडस्ट्री के बाहर से हैं; उन्हें यहां हमेशा अपनापन महसूस हुआ।

श्वेता ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू करने के बारे में कहा, क्यों इंतजार करें कि कोई और कहानी को सामने लाए? बहुत सारी कहानियां और प्रतिभाशाली लोग हैं। मैं ऐसे लोगों को जानती हूं और अगर मेरे पास संसाधन हैं, तो मैं उन्हें मौका देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने सफर में कई लोगों से मिलती हैं और कुछ कहानियां उन्हें बहुत प्रभावित करती हैं। श्वेता ने बताया, मैं चाहती हूं कि दुनिया भी इन्हें महसूस करे। इसलिए मैंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले हमें खुद से पूछना चाहिए कि हम उनके लिए क्या कर रहे हैं। बंदरफुल प्रोडक्शन हाउस का उद्देश्य ऐसी कहानियों को बढ़ावा देना है जो रूढ़ियों, व्यावसायिक दबावों या सामाजिक बंधनों से मुक्त हों। श्वेता ने कहा, मुझे खुशी है कि लोगों ने मुझ पर भरोसा किया। फिल्ममेकर्स ने मेरी प्रतिभा और पैशन को देखा। अब मैं दूसरों में वह जुनून देखना चाहती हूं और उन्हें मंच देना चाहती हूं।

उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के साथ काम करना चाहती हैं जो सिनेमा और ऐसी कहानियों के प्रति जुनूनी हों जो समाज पर प्रभाव डाल सकें। इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा करते हुए श्वेता ने कहा, मुझे शुरू से ही गुनीत मोंगा, अनुराग कश्यप और करण जौहर जैसे लोगों का साथ मिला। मैंने कभी खुद को बाहरी नहीं माना। मेरे लिए यह सब भावनाओं और जुड़ाव के बारे में है, न कि जेंडर, जाति या वर्ग के बारे में। प्रोड्यूसर बनने के अनुभव को श्वेता ने एक नया सफर बताया। उन्होंने बताया, प्रोड्यूसर बनना एक सीखने की प्रक्रिया है। हर कदम मुझे कुछ नया सिखा रहा है और मैं इस सफर के लिए तैयार हूं।



# बॉर्डर 2 में आएंगी नजर मेधा राणा

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और वरुण धवन की आगामी फिल्म बॉर्डर 2 के एक-एक अपडेट का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर एक अहम जानकारी साझा करते हुए फिल्म की हीरोइन का एलान किया है, जिनका नाम है मेधा राणा। अब वरुण धवन के अपोजिट आप इस एक्ट्रेस को फिल्म में देख पाएंगे। बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 पर काम तेजी से चल रहा है। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़े कई फोटोज और वीडियोज आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अब एक बार फिर से फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है, क्योंकि निर्माताओं ने एक नई कास्टिंग कर सभी को चौंका दिया है। प्रोडक्शन टीम ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बताया कि बॉर्डर 2 में मेधा राणा बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी, जो वरुण धवन के अपोजिट किरदार में दिखेंगी। इसके अलावा मेकर्स ने कहा कि उन्हें यह खबर देते हुए खुशी हो रही है कि उनके बॉर्डर 2 परिवार में एक नई सदस्य आ गई हैं। 'बॉर्डर 2' का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 10 साल छोटी एक्ट्रेस सीरत कपूर को डेट कर रहे हैं हनी सिंह?



बॉलीवुड के चर्चित रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर अपने रिलेशनशिप को लेकर उड़ रहीं अफवाहों के कारण सुर्खियों में हैं। हनी सिंह का नाम अब अभिनेत्री सीरत कपूर के साथ जोड़ा जा रहा है। उनके लिंकअप के इन रूमर्स की शुरुआत उन्हीं के एक कमेंट के चलते हुई। दरअसल रैपर ने एक्ट्रेस की एक ग्लैमरस तस्वीर पर कमेंट कर दिया। ये कमेंट इतनी तेजी से वायरल हुआ कि फैंस ने दोनों के बीच चल रही नजदीकियों को लेकर अटकलें लगना शुरू कर दिया है।

### हनी सिंह संग जुड़ा सीरत कपूर का नाम

जब 'रन राजा रन' फेम एक्ट्रेस सीरत कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिल्वर सीक्विन ड्रेस में कुछ तस्वीरें साझा कीं। ग्लैमरस और बोल्ड लुक में सीरत बेहद स्टाइलिश नजर आ रही थीं। इसके कुछ देर बार हनी सिंह ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए कमेंट किया। हनी पाजी का ये कमेंट देखकर उनके फैंस भी हैरान रह गए। हालांकि जब अभिनेत्री ने रैपर का कमेंट देखा तो उनका रिएक्शन भी देखने लायक रहा।

### सीरत के जवाब ने बटोरीं सुर्खियां

सीरत ने हनी सिंह के कमेंट का जवाब देते हुए लिखा- व्हाट ए प्लेजेंट सरप्राइज, थैंक्यू ओजी। सोशल मीडिया पर दोनों के इस एक्चेंज ऑफ वर्ड्स के बाद इस खबर को फैलते हुए ज्यादा देर नहीं लगी कि कहीं दोनों के बीच कुछ चल तो नहीं रहा। हालांकि दोनों की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ना ही इस बारे में कुछ भी कन्फर्म ढंग से कहा जा सकता है।

### टीना ढडानी संग रिश्ते में थे हनी

गौर करने वाली बात यह है कि हनी सिंह ने पिछले साल जनवरी में मॉडल और एक्ट्रेस टीना थडानी को अपने पार्टनर के तौर पर सार्वजनिक रूप से पेश किया था। लेकिन अप्रैल 2023 में दोनों ने अचानक एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर लिया और साथ की सारी तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। अब इस हालिया कमेंट के बाद चर्चा है कि क्या हनी सिंह की जिंदगी में कोई नया चैप्टर शुरू हो चुका है? बहरहाल फिलहाल हनी सिंह अपनी निजी जिंदगी में सिंगल है। पत्नी से तलाक के बाद अब तक उन्होंने दोबारा शादी नहीं की है। अब देखना होगा कि सीरत संग उनके डेटिंग के रूमर्स महज अफवाह ही निकलती है या फिर वाकई में उन खबरों में दम है।



# मुझे एक्टिंग के लिए हॉलीवुड आइकन्स ने प्रेरित किया

अभिनेता और फिल्म निर्माता रणदीप हुड्डा ने बताया कि हॉलीवुड एक्टर्स से वह प्रेरित हैं। अभिनेता ने बताया कि अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टैलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड ने उन्हें एक्टिंग के लिए प्रेरित किया। बातचीत में रणदीप ने बताया, मैं छोटे से शहर रोहतक से हूं और हॉलीवुड एक्टर्स का फैन हूं, मेरे कमरे में अर्नोल्ड श्वार्जनेगर, सिल्वेस्टर स्टेलोन, टॉम क्रूज और क्लिंट ईस्टवुड के पोस्टर तक लगे थे। इन सितारों ने मुझे सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे स्टेज पर एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि एक्टिंग केवल पोस्टर या फिल्मों तक सीमित नहीं है।

रणदीप ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग तरह के अभिनय, फिल्मों और काम को समझने के लिए किताबें पढ़ना शुरू किया। उन्होंने बताया, मैंने धीरे-धीरे खुद को कई तरह की कला और सिनेमा से जोड़ा। मैं अभी भी इसे पूरी तरह समझने और खोजने और सीखने की कोशिश कर रहा हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणदीप हुड्डा जल्द ही अमेरिकी एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी फिल्म मैचबॉक्स में दिखेंगे, जिसका निर्देशन सैम हार्ग्रेव कर रहे हैं। यह फिल्म मशहूर टॉय ब्रांड 'मैचबॉक्स' पर आधारित है, जिसमें जॉन सीना, जेसिका बील, सैम रिचर्डसन, आर्टुरो कास्त्रो, टियोना पैरिस, दानाई गुरिरा और कोरी स्टॉल जैसे एक्टर्स भी हैं। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा, रणदीप का एक और बड़ा प्रोजेक्ट ऑपरेशन खुकरी भी है। यह फिल्म मेजर जनरल राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया की किताब ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियन आर्मी ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड पर आधारित है।





# मैं बलिया से बॉलीवुड आया तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी

बिहार के बलिया जैसी छोटी सी जगह से बॉलिवुड तक का सफर एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी के लिए आसान नहीं रहा। एक समय सीए की पढ़ाई करने वाले सिद्धांत को एक्टिंग की धुन ऐसी लगी कि वे एक्टर बन कर ही माने। गली बॉय, गहराइयां, खो गए तुम कहां जैसी कई फिल्मों से चर्चित रहे सिद्धांत इन दिनों अपनी फिल्म धड़क 2 से चर्चा में हैं। इस मुलाकात में वो अपने स्ट्रगल, माता-पिता, प्यार-मोहब्बत की नाकामी और खुद के साथ हुए भेदभाव पर खुलकर बात करते हैं।

**आप बिहार के बलिया जैसी छोटी-सी जगह से हैं, तो आपके लिए बलिया से लेकर बॉलीवुड तक का सफर कैसा रहा?**

सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- मैं समझता हूं कि मुझसे ज्यादा संघर्ष मेरे माता-पिता ने किया है। जिन परिस्थितियों में उन्होंने मुझे पाल-पोसकर बड़ा किया और जिस तरह से बेस्ट एजुकेशन दी, वो आसान नहीं था। जब मैंने कहा, मुझे बैंकर बनना है, तो उन्होंने उसे सपोर्ट किया। फिर जब मैं मुंबई आया, तो अपनी पूरी जिंदगी को छोड़कर मेरे अभिनय के सपने को पूरा करने यहां आए, तो उन्होंने मेरे लिए सबकुछ किया है। देखिए, सबसे मुश्किल होता है सदियों की कंडीशनिंग को तोड़ना। जाहिर सी बात है, हम ऐसे समाज से आते हैं, जहां लड़के को पढ़ाओ और सेटल करवाओ, का मामला होता है। मगर जब वह लड़का किसी और राह (फिल्म) चल निकलता है, तो रिश्तेदारों, पड़ोसियों से कट जाना कि कहीं कोई ये न पूछ ले कि तुम्हारा लड़का क्या कर रहा है? हमारा लड़का तो एमबीए कर रहा है, आईआईटी पास आउट हो चुका है। मगर वे किसी को क्या कहते कि वो तो बस्ता उठा कर ऑडिशन दे रहा है। फिट, नॉट फिट में उलझा हुआ है। मगर आज मैं बलिया से बॉलिवुड तक पहुंच पाया हूं, तो इसका श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है कि उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

**आपकी फिल्म न केवल प्यार-मोहब्बत के जुनून को लेकर है बल्कि जातीय भेदभाव के मुद्दे पर भी वार करती है। आपने असल जिंदगी में डिस्क्रिमिनेशन कब महसूस किया?**

भेद-भाव कई चीजों को लेकर होता है। चाहे वो कास्ट, जेंडर, वेट हो, रंग हो, कपड़े हों, बोलचाल हो, हर कोई रोजमर्रा की जिंदगी में थोड़ा-बहुत डिस्क्रिमिनेशन तो सहता ही है। आप अगर मेरा निजी अनुभव पूछें, तो जब मैं बलिया से यहां आया था, तो मुझे इंग्लिश नहीं आती थी। हिंदी भी उतनी अच्छी नहीं थी। मैं भोजपुरी में बात करता था। कोई भी जब मुझसे बात करता, तो मैं बोल नहीं पाता था और बहुत डर जाता था। मुझे लगता, मैं गूंगा हूं, मुझे तो इंग्लिश नहीं आती और जो भाषा मेरी है, उस पर तो सभी हंस देंगे। आखिरकार लड़कियों से प्यार करने के चक्कर में मैंने इंग्लिश तो सीख ली। खैर मैं भाषा को लेकर होने वाले भेदभाव की बात बता रहा हूं। आप किसी मॉल या रेस्टॉरेंट में जाएं और वहां किसी चीज का दाम हिंदी में पूछें, तो आपको एक हेय लुक मिलता है। मगर उसी चीज को अंग्रेजी में पूछ लें, तो आपका रुतबा बढ़ जाता है। अपनी जनरेशन में मुझे भाषा को लेकर इन्फीरियोरिटी कॉम्प्लेक्स काफी देखने को मिल रहा है। चाहे वो हमारी इंडस्ट्री में ही क्यों न हो। हमारे यहां कोई भी हिंदी में बात करता ही नहीं। हम बना हिंदी फिल्म रहे हैं और सब चीजें इंग्लिश में होती हैं।

### आप कभी मर-मिटने वाले जुनूनी प्यार में पड़े हैं?

हां, हुआ है मेरे साथ। बहुत सारी मुश्किलात हुई हैं। सिद्धांत ने कहा- मैं प्यार के लिए घर से भागा भी हूं। सच कहूं तो मेरी पर्सनल लाइफ की लव स्टोरी का विलेन मेरी बेरोजगारी बन गई थी। मैं उस वक्त उस लायक नहीं था कि मैं जिम्मेदारी उठा पाऊं। ये तब की बात है, जब मैं अभिनय के क्षेत्र में आना चाहता था, मगर उन्हें वो मंजूर नहीं था, क्योंकि उसके पहले मैं सीए कर रहा था। जब मैं सीए कर रहा था, तो उनके मन में एक सिक्योरिटी थी कि मैं सीए बन जाऊंगा। मगर उसी दौरान मैं एक्टिंग के चक्कर में पड़ गया और उस वक्त मेरे पास दो रास्ते थे। या तो मैं अपने प्यार को अपना कर सीए बन जाऊं और जिंदगी भर घुटता रहूं कि काश मैंने अभिनय में किस्मत आजमाई होती या फिर मैं एक्टर बन जाऊं और इस रिश्ते को यहीं खत्म कर दूं। वो अफ़साना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा, हमारे बीच एक म्यूचल अंडरस्टेंडिंग हुई क्योंकि हमें लगा हम दोनों ही खुश नहीं रह पाएंगे। फिर उन्हें कितना इंतजार करने को कहता, क्योंकि किसे पता था कि अभिनय में कब चांस मिलेगा। मैंने उनसे आखिरी मुलाकात में वादा कि ये हमारा बिछड़ना जाया नहीं जाएगा।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।